वैशाख शुक्ल पक्ष नवमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 308 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

06 मई 2025 मंगलवार

आज का मौसम

32 अधिकतम

22 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

सिंगरौली की प्रज्ञा को पूरे 500 अंक,10 वीं का 76.22 व 12 वीं का 74.48 फीसदी रिजल्ट

## छात्र खुद को फेल न समझें, दूसरा मौका प्रतीक्षा कर रहा है...



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं और 12वीं की परीक्षा का परिणाम आज सुबह मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जारी किया। इस बार 12वीं में 7 लाख 6 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें से 74.48त्न पास हुए। सतना की प्रियल द्विवेदी ने बारहवीं में मैथ्स-साइंस में 500 में से 492 नंबर हासिल कर प्रदेश में टॉप किया है। प्रियल कन्या शासकीय उमा विद्यालय, अमरपाटन की स्टूडेंट हैं। वहीं दसवी में 9 लाख 53 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी और 76.22 प्रतिशत पास हुए। सीएम हाउस में आयोजित कार्यक्रम में यादव ने कहा- असफल विद्यार्थी खुद को फेल न समझें, उनको परीक्षा का एक और मौका मिलेगा। माशिमं की अध्यक्ष स्मिता भारद्वाज ने कहा- जो छात्र-छात्राएं फेल हो गए हैं या अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे 17 जून से दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। यह व्यवस्था नई शिक्षा नीति के तहत की गई। इस तरह का प्रयोग करने वाला मध्यप्रदेश देश का तीसरा राज्य बन गया है। बारहवीं की कक्षा में सतना के हर्ष पांडेय ने 479 नंबर हासिल करके साइंस स्ट्रीम में सेकंड पोजिशन बनाई है। निवाड़ी के दिव्य संस्कार शिक्षण संस्थान के अक्षय खरे ने कृषि समूह में 480 अंक पाकर प्रदेशभर में चौथा स्थान हासिल किया है। पीथमपुर के श्रीकृष्ण प्रताप सिंह साइंस में प्रदेशभर में 5वें नंबर पर रहे हैं। हायर सेकेंडरी के रिजल्ट में नरसिंहपुर जिला पहला और नीमच दूसरा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा- इस बार बेटियों ने बाजी मारी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल ने 500 में से 500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप किया। रीवा के आयुष द्विवेदी 499 अंक के साथ सेकंड और जबलपुर की शैजाह फातिमा 498 अंक के साथ थर्ड टॉपर रहीं। रिजल्ट ऑनलाइन उपलब्ध छात्र https://mpbse.mponline.gov.in के अलावा Digilocker App, MPBSE Mobile App या MP Mobile App के जरिए भी परिणाम देख सकते हैं। एप में Know Your Result विकल्प का चयन कर, अपना रोल नंबर और आवेदन क्रमांक (एप्लिकेशन नंबर) दर्ज करके रिजल्ट देखा जा सकता है। मध्यप्रदेश सरकार और मंडल ने छात्रों से अपील की है कि वे सही और अधिकृत पोर्टल्स का उपयोग करें। किसी अफवाह या अनाधिकारिक वेबसाइट पर भरोसा न करें। -पेज 2

### माशिमं की 10वीं व 12 वीं का रिजल्ट घोषित

अब रूस से आ रहा जंगी जहाज, पीएम की डोभाल समेत कई अफसरों से चर्चा

## युध्दकाल के लिए देश को तैयार करने पहली सिविल मॉक ड्रिल, बड़ी हलचल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख लगातार बनाए रखा है माना जा रहा है कि केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की रणनीति तैयार करने में जुटी है। सिविल डिफेंस मॉकड्रिल को लेकर गृहमंत्रालय की हाईलेवल मीटिंग भी आज चल रही है। केंद्र सरकार ने 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल के लिए कहा है। आज यह कश्मीर में चली इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाए जाएंगे। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हमले के बाद से लगातार उच्च-स्तरीय बैठकों का सिलसिला जारी है। मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ अहम बैठक की। इसके तुरंत बाद पीएम ने गृह सचिव गोविंद मोहन से भी मुलाकात की। पाकिस्तान से युद्ध की आशंकाओं के बीच इसी महीने भारत को रूस से जंगी जहाज तमल भी मिलने वाला है। रुस 28 मई को इसे भारतीय नौसेना को सौंपेगा तथा जून में इसे आधिकारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह जंगी जहाज ब्रह्मोस मिसाइल से लैस होगा, जो रडार की पकड़ में भी नहीं आएगा।



### बंद कमरा बैठक में पाक को फटकार

■ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के संबंध रसातल में हैं। पाकिस्तान के अनुरोध पर बंद कमरे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद बैठक के दौरान पाक को अलग-थलग कर दिया गया। खबरों के मुताबिक, मीटिंग में पाकिस्तान के भारत को लेकर गढ़े गए नैरेटिव पर सवाल उठाए गए। यूएन सदस्यों ने पाकिस्तान के फॉल्स फ्लैग नैरेटिव को सिरे से खारिज कर दिया. इसके बजाए पहलगाम हमले में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयाब की भूमिका को लेकर सवाल खड़े किए व पाकिस्तान के मिसाइल टेस्ट को उकसावे वाली कार्रवाई बताते हुए इस पर चिंता जताई। माना जा रहा है कि स्थिति का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के पाकिस्तान के प्रयास असफल रहे हैं। उसे कहा गया है कि वह भारत के साथ अपनी समस्याओं का द्विपक्षीय स्तर पर समाधान करे।

### मप्र के 5 जिलों में कल शाम 4 बजे सॉयरन बजेंगे

सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग के तहत कल मप्र के पांच जिलों को चुना गया है। इनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर,जबपलुर व कटनी शामिल हैं। इस तरह देश के 244 जिलों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के लिए दिल्ली में हाईलेवल मीटिंग हुई। गृह मंत्रालय में हुई मीटिंग में राज्यों के मुख्य सचिव, सिविल डिफेंस चीफ समेत कई हाई रैंक ऑफिसर शामिल हुए। हालांकि लखनऊ, श्रीनगर और मुंबई में आज से ही सिविलियंस को युद्ध के दौरान बचने की ट्रेनिंग दी जा रही है। मॉकड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाए जाएंगे।देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। हालांकि रविवार-सोमवार रात पंजाब के फिरोजपुर छावनी में ब्लैकआउट प्रैक्टिस की गई। इस दौरान गांवों और मोहल्लों में रात 9 बजे से 9:30 बजे तक बिजली बंद रही। उधर सीमा पर पाकिस्तान ने लगातार 12वें दिन सीजफायर तोड़ा है। आठ जगहों कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर इलाकों में फायरिंग की।

## आईपीएस अफसर के बच्चों से स्टेडियम में छेड़छाड

**बेंगलुरू, एजेंसी।** हाल ही में बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मैच के दौरान एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के बच्चों के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आने के बाद जांच तेज हो गई है। शिकायत के बाद अब यौन उत्पीड़न और धमकी का मामला दर्ज किया गया है। संदिग्धों में से एक वरिष्ठ आयकर अधिकारी भी शामिल था। पुलिस ने बताया कि घटना 3 मई को रात करीब 9.40 बजे प्रीमियम सीटिंग एनक्लोजर डायमंड बॉक्स में हुई, जब आरसीबी और सीएसके के बीच मैच खेला जा रहा था शिकायतकर्ता आईपीएस अधिकारी की पत्नी के मुताबिक, दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनके 22 साल के बेटे के साथ दुर्व्यवहार किया। उनकी 26 साल की बेटी को गलत तरीके से छुआ। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि अज्ञात दंपती जोर-जोर से चिल्ला रहे थे, धमकी दे रहे थे और उनके बच्चों को परेशान कर रहे थे। उन्होंने उनकी बेटी के साथ भी दुर्व्यवहार किया और उसके साथ अभद्रता की। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि पूरी घटना को उनके बेटे ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। पुलिस ने कहा कि घटना में शामिल संदिग्धों में से एक वरिष्ठ आयकर अधिकारी भी था।



## शहीद लेफ्टिनेंट के घर पहुंचे राहुल

**करनाल, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी हरियाणा के करनाल में नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंच गए हैं। यहां वे परिवार से बात कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट नरवाल की 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने हत्या कर दी थी। शादी के 7वें दिन ही आतंकियों ने पत्नी हिमांशी के सामने उन्हें 3 गोलियां मारी थीं। लेफ्टिनेंट नरवाल की पत्नी हिमांशी ही वह महिला थीं, जिसने सबसे पहले खुलासा किया कि आतंकियों ने नाम पूछकर टूरिस्टों को गोली मारी। इस हमले में 26 टूरिस्टों की मौत हुई थी। लेफ्टिनेंट की हत्या के बदले को लेकर पत्नी हिमांशी ने मुस्लिम और कश्मीरियों के खिलाफ नफरत भरे बयानों पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि ये सही नहीं है।

तीन घंटे मचा हड़कंप

## ट्रेन से केंद्रीय हुए मंत्री गायब, कई घंटे स्टाफ- सुरक्षाकर्मियों के पसीने छूटे

**जबलपुर, दोपहर मेट्रो।** गत दिवसे दिल्ली से गोंडवाना एक्सप्रेस में सवार होकर जबलपुर आ रहे केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ट्रेन से रहस्यमय ढंग से गायब होने से हड़कंप मचा रहा। वे हजरत निजामुद्दीन से रवाना हुई ट्रेन में सवार थे और सुबह दमोह में उनकी बर्थ खाली मिली। करीब 3 घंटे तक ट्रेन-ट्रैक पर सर्च के बाद वे 162 किमी दूर सिहोरा स्टेशन पर (जबलपुर) संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोच बी3 की बर्थ 57 पर मिले। उनके हाथ-पैर पर चोट के निशान थे। खबरों के अनुसार, सुबह 3:45 बजे मंत्री दमोह स्टेशन पर उतरे। तभी उनका शुगर लो हो गया, इस बीच ट्रेन चलने लगी। चढ़ते समय मंत्री का पैर फिसला और उन्हें चोट आई। इसी दौरान दूसरे प्लेटफॉर्म पर संपर्क क्रांति आई तो मंत्री उसी में बैठ गए। मंत्री के पीए ने बाद में कहा कि वे हरदुआ से लापता हुए। प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर लाया गया। पूरे घटनाक्रम पर मंत्री की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जबकि रेलवे के सीनियर डीएसीएम डॉ. मधुर वर्मा व सिहोरा में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब ने कहा है कि सूचना मिलते ही स्टाफ को अलर्ट किया गया। जबलपुर पहुंचते ही मंत्री को सुरक्षा



## नए मौसम ने देशभर में लू उतारी

**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी।** पूरे देश में इस वक्त मौसम के बदले मिजाज का असर है। आलम यह है कि लू लगभग गायब है और पानी हवा बिजली और आंधी का दौर है। मप्र में कई जिलों में जमकर पानी बरस रहा है तो कहीं अंधड़ चल रहा है। मौसम विभाग ने कुछ जिलों में हवा की रफ्तार 60 किमी प्रतिघंटा तक रहने अनुमान आज के लिये भी जताया है। इससे जिलों के तापमान में 10 डिग्री तक गिरावट आई है। भोपाल समेत कई जिलों में बारिश-आंधी का दौर आज जारी रहेगा। शाजापुर, नीमच, सीहोर में कल ओले गिरे हैं, गुना में आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि शादी का टेंट तक उड़ गया। आज ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में ओले गिर सकते हैं। इंदौर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, देवास, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, कटनी, सतना, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर में गरज-चमक, बारिश और आंधी चल सकती है।



भोपाल गल्ला मंडी में बारिश के कारण गेहूं हुआ गीला।

### मसूरी ना आएं...

उधर उत्तराखंड के ऊपरी इलाकों में लगातार बारिश के कारण प्रवाह में अचानक बदलाव होने के बाद मसूरी केम्प्टी फॉल्स ने विकराल रूप ले लिया है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया है कि वे 11 मई तक यहा न आयें।

केम्प्टी फॉल के आसपास का इलाका फिसलन भरा और जोखिम भरा हो गया है। इस झरने के बहते हुए दृश्य डरावने हैं। तेज बहाव के कारण आस-पास की पहाड़ियों से बड़ी मात्रा में मलबा और पत्थर झरने में गिर रहे हैं।

उप्र में आंधी के साथ तेज बारिश के बीच अलीगढ़ में बच्चे को बचाने निकली मां की टीनशेड से कटकर गर्दन कट गई। राजस्थान में पाली में आंधी से चलती ट्रेन पर रखे कंटेनर गिरकर हाईटेंशन बिजली के खंभे से टकरा गए।

## बर्फानी बाबा की पहली तस्वीर सामने आई, 7 फीट ऊंचाई

**जम्मू, एजेंसी।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। इस बार बर्फ का शिवलिंग करीब 7 फीट ऊंचा है। शिवलिंग के दर्शन के लिए देशभर से लाखों लोग अमरनाथ आते हैं। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी जो करीब 38 दिन चलेगी। 9 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं। खास यह कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले का अमरनाथ यात्रा के रजिस्ट्रेशन पर कोई असर नहीं नजर आ है। अब तक पिछले साल की तुलना में 20त्न ज़्यादा रजिस्ट्रेशन हुए। करीब 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए एडवांस रजिस्ट्रेशन कराया है।



मेट्रो एंकर

आखिरी मुगल बादशाह बहादुरशाह जफर की वंशज का केस खारिज

## महिला ने लालकिला मांगा, सीजेआई बोले फतेहपुर सीकरी क्यों नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर की वंशज होने का दावा करने वाली महिला की याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने दिलचस्प टिप्पणी भी की। दरअसल महिला ने वंशावली का हवाला देते हुए लाल किले पर कब्ज़ा देने की मांग की थी। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार की पीठ ने याचिका को पूरी तरह से गलत बताते हुए कहा, केवल लाल किला ही क्यों? फतेहपुर सीकरी क्यों नहीं? उन्हें भी क्यों छोड़ दिया जाए? पीठ ने कहा-रिट पूरी तरह से गलत है। खारिज की जाती है। उल्लेखनीय है कि लाल किला 17वीं सदी का मुगलकालीन किला है। यह दिल्ली की सबसे खास ऐतिहासिक इमारतों में से एक है। यह किला बहादुर शाह जफर द्वितीय के परपोते की विधवा को सौंपने की मांग की जा रही है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने सुल्ताना बेगम की याचिका पर सवाल उठाया। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा, 'क्या आप इस पर बहस करना चाहती हैं?' याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम हावड़ा, कोलकाता के पास रहती हैं। उन्होंने कहना था कि वह असली मालिकों, यानी मुगल बादशाहों की सीधी वंशज हैं। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेजों ने लाल किला मुगलों से छीन लिया था। बहादुर शाह जफर द्वितीय ने औपनिवेशिक शासकों के खिलाफ विद्रोह का समर्थन किया था। इसलिए उन्हें देश से निकाल दिया गया और उनकी जमीन और संपत्ति जब्त कर ली गई। सुल्ताना बेगम ने कहा अगर सरकार उन्हें पैसे दे तो वह अपना दावा छोड़ देंगी। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसी मांग की है। 2021 में उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में भी अर्जी दी थी। तब कहा था कि 1960 में सरकार ने उनके (अब दिवंगत) पति बेदार बख्त के दावे को माना था। बेदार बख्त, बहादुर शाह जफर द्वितीय के वंशज और वारिस थे। इसके बाद सरकार ने उन्हें पेंशन देना शुरू कर दिया। 1980 में उनकी मृत्यु के बाद यह पेंशन सुल्ताना बेगम को मिलने लगी। मगर यह उनकी जरूरतों के लिए काफी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने 'गैरकानूनी' तरीके से लाल किले पर कब्जा कर लिया और पर्याप्त मुआवजा भी नहीं दे रही।



### अनुच्छेद 300 का हवाला भी....

सुल्ताना बेगम का कहना था कि यह उनके मौलिक अधिकारों और संविधान के अनुच्छेद 300A का उल्लंघन है। अनुच्छेद 300A कहता है कि किसी भी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से कानून के अनुसार ही वंचित किया जा सकता है। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया था। तीन साल बाद उन्होंने उस फैसले के खिलाफ अपील की। लेकिन उसे फिर से खारिज कर दिया गया।

### पहलगाम घटना के बाद आया ठहराव दूर

# कश्मीर की ओर जाने वाले मुसाफिरों की हिचक टूटी, फिर नो-रूम के हालात!

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

**पहलगाम घटना के बाद कश्मीर की तरफ जाने वाले यात्रियों में थोड़ी हिचक जरूर देखी गई थी लेकिन अब वह दूर हो गई है। मां वैष्णो देवी दर्शन के लिए जम्मू (कटरा) और अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं ने एक बार फिर उस तरफ जाने वाली मालवा, झेलम, अंडमान सहित स्पेशल ट्रेनों में अपने रिजर्वेशन करवा लिए हैं। यानि आतंकी घटना भले ही हुई हो, पर धार्मिक आस्था सारे घटनाक्रमों पर भारी पड़ रही है।**

आलम यह है कि अब 15 जुलाई तक जम्मू की ओर जाने वाली इन ट्रेनों में नो-रूम की स्थिति बनने लगी है। यदि भोपाल से प्रतिदिन जम्मू की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या देखें, तो वह 50 से 75 के बीच रहती है। लेकिन कभी-कभी, खासतौर पर अमरनाथ यात्रा शुरू होते ही, यह संख्या 75 से 125 और 150 तक पहुंच जाती है। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अप्रैल अंत तक कई श्रद्धालुओं ने अपने रिजर्वेशन कैंसिल करवाए। लेकिन अब साफ लग रहा है कि फिर श्रद्धालुओं ने निश्चय कर लिया है कि वे मां वैष्णो देवी दर्शन और अमरनाथ यात्रा में हिस्सा लेंगे। इस वजह से पिछले चार-पांच दिनों से भोपाल और आरकेएमपी के रिजर्वेशन ऑफिसों के अलावा ऑनलाइन टिकट बुकिंग भी प्रतिदिन औसतन 50 से 100 के बीच हो रही है।



### सारे मार्गों पर फुल

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में करीब 78 फीसदी रेल रिजर्वेशन इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के माध्यम से करवाए जाते हैं। यदि भोपाल और आरकेएमपी के रिजर्वेशन ऑफिसों पर औसतन प्रतिदिन जम्मू-कटरा आदि के लिए 25 से 50 टिकट बनते हैं, तो आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर इनकी संख्या दो से ढाई गुना तक होती है। इसके अलावा गर्मी की छुट्टियों के चलते भी रेलगाड़ियों में जमकर भीड है। लोग रिजर्वेशन के लिये परेशान हो रहे हैं। जबकि रेल्वे ने कई स्पेशल ट्रेनें भी चला रखी हैं।

## श्री अमर कथा में झूलेलालजी की महिमा का बखान, समापन आज



**हिरदाराम नगर।** श्री अमर कथा के तीसरे दिन सोमवार को रविन्द्र शास्त्री ने भगवान झूलेलालजी की कथा का वर्णन किया। भरूचधाम के गादेशवर ठाकुर साइन मनीष लालजी के सानिध्य में कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई थी, समापन छह मई को बहिराणा साहिब एवं भंडारे के साथ होगा। सोमवार को कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अमर कथा सिंधी समुदाय के लोगों को धर्म, सत्य और न्याय के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। जीवन में आने वाले सभी संघर्षों का सामना करने और हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना सिखाती है। कार्यक्रम संयोजक घनश्याम पंजवानी एवं पूज्य सिंधी पंचायत संतनगर के उपाध्यक्ष भरत असवानी ने श्रद्धालुओं से समापन दिवस पर शामिल होने का आग्रह किया है।

## सेवासदन को दान में मिलीं लक्ष्मीचंद मीरचंदानी की आंखें

**हिरदाराम नगर।** श्री लक्ष्मीचंद मीरचंदानी निवासी मिनाल रेसीडेंस, भोपाल का देहावसान रविवार को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र धीरेन्द्र



मीरचंदानी ने अपने पिताजी की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2223 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर पूजन, हवन और भंडरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कायस्थम, मध्यप्रदेश द्वारा रविवार को प्रोफेसर कॉलोनी स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव का भव्य



आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजन, हवन के बाद महा आरती हुई तथा प्रसादी वितरण और भंडारा भी हुआ। सभी कार्यक्रम प्रोफेसर कॉलोनी के संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में हुए। इस अवसर पर कायस्थम के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और अन्य सदस्य तथा अन्य कायस्थजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कायस्थम की ओर से चित्रांश बंधुओं को श्री चित्रगुप्त का कैलेंडर भी भेंट किया गया।

### छोटे शहरों से निकलकर सामने आए कई होनहार

# बोर्ड की दसवीं व बारहवीं परीक्षा में इस बार विंध्य का परचम, सप्लीमेंट्री किसी को नहीं



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) ने दसवीं-बारहवी के परिणाम में छोटे शहरों के बच्चों ने भी जोरदार प्रदर्शन किया है। खास यह कि दोनों परीक्षा का टापर इस बार विंध्य इलाके से हैं। दसवीं में सिंगरौली जिले की प्रज्ञा जायसवाल ने 500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं 499 अंको के साथ रीवा के आयुष द्विवेदी दूसरे स्थान पर रहे हैं। सतना की प्रियल द्विवेदी ने 12वीं में मैथ्स-साइंस में 500 में से 492 नंबर हासिल कर प्रदेश में टॉप किया है। प्रियल कन्या शासकीय उमा विद्यालय, अमरपाटन की स्टूडेंट हैं। 212 बच्चों की मेरिट लिस्ट बनाई गई है। वहीं कक्षा बारहवीं में कला समूह में रीवा के अंकुर यादव 489 अंको के साथ प्रथम, विज्ञान-गणित में प्रियल द्विवेदी 492 अकों के साथ प्रथम, वाणिज्य समूह में ग्वालियर की रिमझिम करोठिया 491 अंको के साथ प्रथम, कृषि समूह में 486 अंको के साथ प्रथम, जीव विज्ञान समूह में 484 अंको के साथ प्रथम रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा- इस बार बेटियों ने बाजी मारी है। असफल विद्यार्थी खुद को फेल न समझें, उनको परीक्षा का एक और मौका मिलेगा।

### दसवीं की स्थिति

हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 27 फरवरी से 21 मार्च 2025 के बीच हुई थी। हाईस्कूल परीक्षा में इस वर्ष 76.22 प्रतिशत नियमित परीक्षार्थी तथा 28.70 प्रतिशत स्वाध्यायी परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे हैं। 73.21 प्रतिशत नियमित छात्र एवं 79.2 प्रतिशत नियमित छात्रायें परीक्षा में सफल हुई हैं। हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिये इस वर्ष नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिये प्रदेश में कुल 3887 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षायें आयोजित की गई थी। हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में इस वर्ष नियमित परीक्षार्थियों के रूप में 804932 परीक्षार्थी तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के रूप में 131293 परीक्षार्थी शामिल हुये। परीक्षा में 24 नकल प्रकरण बने, जो विगत 10 वर्षों में न्यूनतम है। आज 804768 नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये। इनमें 429042 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 182172 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में एवं 2200 परीक्षार्थी तृत्तीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल 613414 परीक्षार्थी परीक्षा में सफल हुये हैं जिनका परीक्षाफल 76.22 प्रतिशत रहा है। इस वर्ष किसी भी छात्र का परीक्षाफल पूरक घोषित नहीं किया गया है। इस वर्ष नियमित परीक्षार्थियों में छात्राओं ने छात्रों से बाजी मारी है। उत्तीर्ण छात्रों का परीक्षाफल 73.21 प्रतिशत तथा उत्तीर्ण छात्राओं का परीक्षा फल 79.27 प्रतिशत रहा है।



### बारहवी कक्षा की स्थिति

हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 25 फरवरी 2025 से 25 मार्च 2025 के बीच हुई थी। इस वर्ष 74.48 प्रतिशत नियमित परीक्षार्थी तथा 26.48 प्रतिशत स्वाध्यायी परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे हैं। 71.37 प्रतिशत नियमित छात्र तथा 77.55 प्रतिशत नियमित छात्रायें परीक्षा में सफल हुई हैं। जिनकी संकायवार, अस्थाई प्रावीण्य सूची जारी की गई। प्रावीण्य सूची में कला (मानविकी संकाय) 26 परीक्षार्थी, विज्ञान (गणित) संकाय 35 परीक्षार्थी, विज्ञान (जीवविज्ञान) संकाय 53 परीक्षार्थी, वाणिज्य संकाय 34 परीक्षार्थी, कृषि संकाय 8 परीक्षार्थी, ललितकला गृहविज्ञान 3 परीक्षार्थी द्वारा प्रदेश स्तर की अस्थाई प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश के कुल 3636 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षा में नियमित 602574 परीक्षार्थी तथा स्वाध्यायी 94465 परीक्षार्थी शामिल हुये। परीक्षा में 43 नकल प्रकरण बने, जो विगत 10 वर्षों में न्यूनतम है। 601951 नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये। इनमें 318743 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 129472 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में, 592 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल 448807 परीक्षार्थी परीक्षा में सफल हुये हैं जिनका परीक्षाफल 74.48 प्रतिशत रहा है। इस वर्ष किसी भी छात्र का परीक्षाफल पूरक घोषित नहीं किया गया है।

## रोटरी इंटरनेशनल का पीड़ित मानवता की सेवा मे कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल के निरीक्षण की आधिकारिक यात्रा पर मंडलाध्यक्ष अनीस मालिक का सम्मान स्वागत आयोजित लिया गया। क्लब के अध्यक्ष मनोज झा ने वर्ष भर की सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी और बताया कि रक्तदान शिविर पोलियो शिविर, स्कूल में कॉपी किताब गरीब छात्र को आर्थिक सहायता 200 से अधिक पोधारोपण विभिन्न स्थानों पर एवम निदान संस्था को चिकित्सा उपकरण प्रदान किए मंडलाध्यक्ष अनीस मलिक ने क्लब की स्वर्ण जयंती वर्ष पर हार्दिक शुभकामनाएं दी सेवा प्रकल्पो के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यों के लिए अर्शी कुरेशी सुनील अवसरकर एवम मयंक जैन को सम्मानित किया एवम पलाश सुरजन और जी के छिब्बर को क्लब के सेवा प्रकल्पों में योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर रोटरी 3040 के पूर्व मंडलाध्यक्ष कर्नल महेंद्र मिश्र जिनेन्द्र जैन एवम निर्वाचित मंडलाध्यक्ष मुकेश साहू सहायक मंडलाध्यक्ष कर्नल एम सी वर्मा भी उपस्थित थे।



## भोपाल में शादियों के टेंट उखड़े, भीगते हुई निकली बारातें



**भोपाल। राजधानी में बीती शाम तेज आंधी पानी के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ। बैरागढ़, इंदौर-भोपाल रोड, करोंद समेत कई इलाकों में तेज आंधी चली। शादियों के टेंट उखड़ गए। यहां तक कि बारात भी बरसते पानी में ही निकलीं। कोलार, होशंगाबाद रोड, बैरसिया रोड, तुलसी नगर, करोंद, अयोध्या बायपास, न्यू मार्केट, कमला नगर, रेतघाट, तलैया, अशोका गार्डन, शाहजहानाबाद, बाग मुगालिया, बाग सेवनिया, चार इमली, लिंक रोड नंबर-2, रायसेन रोड, पटेल नगर, आनंद नगर समेत 200 से अधिक इलाकों में बिजली गुल हो गई। रात डेढ़ बजे के बाद तक आंधी-बारिश का सिलसिला जारी रहा और रात भर नये भोपाल के कई इलाकों में बिजली आती जाती रही।**

## संतनगर में वीर सावरकर मंच ने पाकिस्तान का झंडा जलाया



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

वीर सावरकर युवा मंच ने संत नगर में बस स्टैंड चौराहे के पास पाकिस्तान के झंडे को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना की प्रतिक्रिया थी। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व के मंच के अध्यक्ष वीर स्वामी और महामंत्री राकेश यादव ने किया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के झंडे को कुचला और जलाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सर्जिकल स्ट्राइक जैसे मजबूत कदम उठाने का आग्रह किया। युवाओं ने मांग की कि पहलगाम हमलों के जिम्मेदार आतंकवादियों को जल्द से जल्द मार गिराया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर पूरा विश्वास जताया कि वे देश के लोगों की भावनाओं को समझेंगे और पाकिस्तान पर कार्रवाई करेंगे। प्रदर्शन में शफीक कुरैशी, असलम भाई, भारत जाटव, गोपी लाल बामनिया, राकेश अहिरवार, सोनू जाटव, विष्णु गौड़, भगवान सिंह राजपूत और अन्य लोग शामिल थे।

**मेट्रो एंकर**

### प्राथमिकता के आधार पर सड़कों को सुधारने को कहा

# जोन समिति की बैठक में नालों की सफाई के निर्देश

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

हिरदाराम नगर जोन समिति की बैठक जोन कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने की। बैठक में बारिश से पहले जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में वार्ड तीन, चार और पांच में किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। हिंगोरानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी नालों और नालियों की तत्काल सफाई कराएं ताकि वर्षा जल निकासी की समस्या सामने न आए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि निचले इलाकों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। हिंगोरानी ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा उनकी प्राथमिकता है और वे यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे कि बारिश के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।



बैठक में टूटी सड़कों की मरम्मत का मुद्दा भी उठा। तय किया गया कि सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए ताकि नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए, बैठक में एक आपातकालीन कक्ष स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। यह कक्ष बारिश में कंट्रोल रूम की तरह कार्य करेगा। बैठक में पार्षद अशोक मारण, सचिन साहू, प्रफुल गुर्जर, रविकांत चंद्रशेखर साहू, संबंधित विभागों के अधिकारी और वार्ड प्रभारी उपस्थित थे।

## पशुपालन विभाग के अफसरों को दिए निर्देश

# सीएम ने मांगा एनडीडीबी सहकारी क्षेत्र में दूध खरीद सिस्टम के विस्तार का प्लान

दोहपर मेट्रो, भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अधिकारियों से मध्यप्रदेश में अधिक किसानों से दूध खरीदी करने, खरीदे गए दूध की अधिक उपभोक्ताओं तक कम से कम दाम में पहुंच बनाने लेकर विस्तृत प्लान मांगा है। मप्र में रोजाना 5.50 करोड़ लीटर दूध होता है, लेकिन पूर्व से मौजूद 6 सहकारी दुग्ध संघ और उनसे जुड़ी दुग्ध उत्पादन समितियां इस दूध को एकत्रित करने, प्रोसेसिंग करने और इसकी मार्केटिंग कर व्यापार करने में बहुत पिछड़े हुए हैं। जिसका नुकसान उपभोक्ता, किसान, युवा और मप्र को उठाना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि दूध की इस बड़ी मात्रा का उपयोग मप्र में दूध से जुड़े उद्योगों को खड़ा करने में दिया जाना चाहिए, ताकि युवाओं को रोजगार मिले, गांवों में स्वरोजगार खड़े हो, किसानों को दूध के अधिक दाम मिले और आम उपभोक्ताओं को कम दाम में दूध मिल सके।

सरकार का दावा है कि उसने इसी दिशा में कदम बढ़ाए हैं, जिसके परिणाम है कि 5 वर्षों के लिए दुग्ध संघों, दुग्ध उत्पादन समितियों, संयंत्रों को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को दिया है। 13 अप्रैल को बोर्ड ने इन्हें केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में टेकओवर कर लिया था। जिसके बाद सीएम ने सोमवार पहली समीक्षा बैठक ली और बड़े स्तर पर सहकारी क्षेत्र में दूध के कारोबार को लेकर प्लान मांगा है।



### निजी विश्वविद्यालयों में होगी पशुपालन व डेयरी विकास की पढ़ाई

**प्रदेश के सहकारी क्षेत्र में दूध उत्पादन को बढ़ावा देने और उत्पादित दूध से दुग्ध उत्पाद तैयार करने की गति बढ़ाने को लेकर जारी मशक्कत के बीच सरकार ने तय किया है कि सरकारी कॉलेजों के साथ-साथ अब प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में भी पशुपालन व डेयरी विकास से जुड़ी पढ़ाई कराई जाएगी। इसके लिए निजी विश्वविद्यालयों के लिए गाइडलाइन जारी होगी। इस क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित करने के लिए युवा किसानों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।**

### प्रदेश को मिले विशेषज्ञता का लाभ-

सीएम ने बैठक् में कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ पूरे प्रदेश को मिले, सहकारी दुग्ध संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी कंसल्टेंसी उपलब्ध कराएं, इच्छुक किसानों को अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसें आसानी से उपलब्ध हो, उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर भेजें। पशुओं के पोषण और स्वास्थ्य के साथ ही कोल्ड चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिल्क पार्लर स्थापना और ब्रांड प्रमोशन के निर्देश दिए।

### ऑनलाइन होगा दूध एकत्रित करने वाला पूरा सिस्टम

दूध की खरीदी, बिक्री समेत पूरा कारोबार ऑफलाइन है, इसे एनडीडीबी पूरी तरह कम्प्यूट्रीकृत व ऑनलाइन करने जा रहा है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी दी। इसमें उपभोक्ताओं व किसानों को बड़ा फायदा होगा। बोर्ड का लक्ष्य है कि अगले पांच साल में प्रदेश के कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियां खोली जाएंगी। जिसमें पूरा कारोबार किसानों के पास होगा। बोर्ड फिलहाल दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, भंडारण व्यवस्था आदि की विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा करवा रहा है।

## इस बार 53 प्रवक्ता

# कांग्रेस में प्रवक्ताओं की अब नई टीम, *मुख्य* का पद खत्म

दोहपर मेट्रो, भोपाल

मप्र कांग्रेस में प्रवक्ताओं की नयी टीम सामने आ गई है। इस टीम को लेकर काफी समय से असमंजस था और खुद प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी भी दो बार प्रवक्ताओं की टीम के साथ बैठक कर चुके थे। अब खास बात यह है कि मुख्य प्रवक्ता का पद खत्म कर दिया गया है। प्रवक्ताओं की नई सूची में कुल 53 को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। पुरानी सूची में लगभग 37 नाम थे। नई टीम में भूपेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र पटेल, विवेक त्रिपाठी, अभिनव बारोलिया, जितेंद्र मिश्रा, मिथुन अहिरवार समेत 26 को फिर से प्रवक्ता का जिम्मा दिया गया है। खास बात यह है कि जिन 11 को हटाया गया है, उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री और अब भाजपा में शामिल नेता सुरेश पचौरी के समर्थक रहे अमित शर्मा, दिग्विजय सिंह समर्थक विपिन वानखेड़े, कमलनाथ समर्थक डॉ. अशोक मर्सकोले, अरुण यादव समर्थक फरहाना खान, पूर्व विधायक प्रेमचंद गुड्डू की बेटी रीना बौरासी समेत कुल 11 शामिल हैं।

**कल टीम को ट्रेनिंग देंगे पटवारी - चौधरी**



### 'नहीं हटाया गया किसी को'

मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि किसी को हटाया नहीं गया है। जिनके पास दूसरी बड़ी जिम्मेदारी है, उन्हें प्रवक्ता की जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। मुख्य प्रवक्ता पद को लेकर उन्होंने कहा कि देश भर में ऐसा कोई पद नहीं है। इसलिए अब सभी को प्रवक्ता बना दिया गया है। नायक ने बताया कि 7 मई को इन सभी प्रवक्ताओं का एक प्रशिक्षण रखा गया है, जिसमें प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले साल मार्च में 9 मुख्य प्रवक्ताओं और 22 प्रवक्ताओं सहित मीडिया विभाग में कुल 31 नियुक्तियां की गई थीं। इस बार 53 प्रवक्ताओं की नियुक्ति हुई है। तब पुराने प्रवक्ताओं की छुट्टी कर दी गई थी।

## एवरेस्ट के बेस कैंप तक पहुंचे आईएफएस अधिकारी

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।** सिंगरौली में पदस्थ डीएफओ अखिल बंसल प्रदेश के पहले आईएफएस अधिकारी बन गए हैं, जिन्होंने माउंटेनियर के रूप में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट के बेस कैंप तक चढ़ाई करने में सफलता पाई है। नेपाल के सागरमाथा



नेशनल पार्क में मौजूद एवरेस्ट के बेस कैंप के साथ ही अखिल बंसल हिमालय की नागार्जुन (5200 मीटर) और काला पत्थर (5600 मीटर) पीक को भी फतह कर लिया है। एवरेस्ट बेस कैंप से लौटे बंसल ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य एवरेस्ट को फतह करना है। इससे पहले लद्दाख की जंस्कार घाटी में चादर ट्रैक पर ट्रैकिंग कर चुके हैं। चंडीगढ़ में जन्मे अखिल बंसल भारतीय वन सेवा के 2016 बैच के मप्र कैडर के अधिकारी हैं। बंसल को पिछले माह ही राज्य शासन ने खुद के खर्च और जोखिम पर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की अनुमति दी थी। इसके बाद 10 अप्रैल को वे नेपाल के सागर माथा नेशनल पहुंचे। 11 अप्रैल को लुकला कैंप से चढ़ाई की शुरुआत की। घोरकक्षेप में एवलांज का भी सामना किया। 11 से 22 अप्रैल के बीच यह उपलब्धि हासिल की।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला जिले के रामनगर किला में आयोजित आदि उत्सव में जनजातीय युवाओं के साथ।

## 78 लाख मीट्रिक टन खरीदा गेहूं, लक्ष्य से 18 लाख मीट्रिक टन अधिक

# मप्र ने तोड़ा बीते साल गेहूं खरीदी का रेकार्ड

**बीते साल 100 लाख मीट्रिक टन की खरीदी लक्ष्य से पिछड़ गया था राज्य**

### सरकारी खरीदी खत्म, लेकिन स्लॉट बुक करा चुके किसानों का गेहूं 9 मई तक तुलेगा

दोहपर मेट्रो, भोपाल

मप्र ने बीते साल गेहूं खरीदी का लक्ष्य तोड़ दिया है। इस सीजन में 5 मई तक 78 लाख मीट्रिक टन खरीदी हुई, जबकि लक्ष्य 60 लाख का मिला था। इसके विरुद्ध 18 लाख मीट्रिक टन अधिक गेहूं खरीदा जा चुका है। बीते वर्ष 100 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य मिला था, लेकिन इतनी आवक नहीं हुई थी। इसकी वजह बाजार में गेहूं की कीमत अधिक होना थी, जिसके कारण कई किसानों ने गेहूं खुले बाजार में बेच दिया था।

**खरीदी खत्म लेकिन तुलाई 9 मई तक:** प्रदेश में सरकारी गेहूं खरीदी की तारीख सोमवार को खत्म हो चुकी है लेकिन जिन किसानों ने 5 मई तक गेहूं बेचने के लिए स्लॉट बुक करा लिए है उनका गेहूं 9 मई तक केंद्रों पर तौला जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में बीते तीन दिनों से मौसम खराब है, बेमौसम बारिश हो रही है, तेज हवाओं का दौर भी रह-रहकर जारी है। इस वजह से कई किसान गेहूं खराब होने के संभावित खतरे के कारण केंद्रों पर नहीं पहुंच पाए थे जिनके लिए सरकार ने रियायत देने के लिए गेहूं तुलाई की तारीख बढ़ाकर 9 मई कर दी है।



### प्रदेश के कुछ संभागों में 15 और कुछ में 20 मार्च से शुरू हुई थी

कई जिलों में भींगा खरीदा गेहूं-- उधर बेमौसम बारिश के कारण कई जिलों में खरीदे गए गेहूं के भींगने की खबर है। ये वे जिले हैं, जहां बारिश अधिक हुई। हालांकि पिछली बार धान व गेहूं की खरीदी के दौरान अव्यवस्था व खरीदी गई उपज भींगने और नुकसान होने के चलते इस बार व्यवस्था कड़ी थी, जिसके कारण बड़े स्तर पर गेहूं नहीं भींगा।

## अब तक पांच पीड़िताएं आ चुकी हैं सामने

# लव जिहाद रोकने कानून कड़ा पर पुलिसिंग कमजोर !

दोहपर मेट्रो, भोपाल

**राजधानी भोपाल में फिर लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद इसे रोकने के लिए सरकार ने द्वारा काफी पहले से बनाया कानून भी चर्चा में है। माना जा रहा है कि पुलिसिंग व खुफिया नाकामियों के चलते यह स्थिति बन रही है और कानून का भी प्रभाव नहीं दिख रहा। भोपाल में निजी कॉलेज की हिंदू लड़कियों को मुस्लिम समुदाय के लड़कों ने पहचान छुपाकर दैहिक शोषण किया। यह संगठित अपराध रहा, क्योंकि इसमें कई लोग शामिल थे।**

इसके बाद भी पुलिस को कोई भनक नहीं लगी। हालांकि शिकायत आने के बाद पुलिस ने इस मामले में भी आरोपितों के विरुद्ध धार्मिक स्वातंत्र्य कानून 2021 के अंतर्गत धारा तीन और धारा पांच के अंतर्गत भी प्रकरण कायम कर लिया है। अब तक पांच पीड़िताएं सामने आई हैं व पांच आरोपित गिरफ्तार हुए हैं।



### आरोपी अलग-अलग राज्यों के

मामला लव जिहाद से जोड़ा जा रहा है। आरोपित अलग-अलग राज्यों के हैं। इस कारण यह भी आशंका है कि इनके पीछे दूसरे राज्यों के कुछ और लोग हो सकते हैं। पुलिस इस दिशा में भी जांच कर रही है। बताया जाता है कि धार्मिक स्वातंत्र्य काननू के अंतर्गत प्रदेश में अभी तक 200 से अधिक प्रकरण कायम किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि इसमें कठोर प्रावधान हैं।

# लूनावत की याद में कार्यक्रम हुआ, भाजपा नेता व मित्र जुटे



दोहपर मेट्रो, भोपाल

भाजपा नेता स्वर्गीय विजेश लूनावत की स्मृति में विजेश लूनावत स्मृति फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री कृष्णा गौर, महामंत्री भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय,शैलेन्द्र शर्मा, फाउंडेशन सचिव मृगेन्द्र सिंह,शैलेष लूनावत, पुत्री मुस्कान लूनावत सहित फाउंडेशन के सदस्य एवं उपस्थितजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। फाउंडेशन की संयोजिका स्मिता लूनावत ने अतिथियों का स्वागत किया। शिवप्रकाश ने स्व. विजेश लूनावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व ही ऐसा था कि आज भी उनको याद किया जा रहा है। समय से पहले दुनिया न छोड़ते तो राजनीति के लिए और बड़ा योगदान हो सकता था। पार्टी संगठन में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि लूनावत का जाना बहुत ही दुखद है। वे स्पष्टवादी और साफ हृदय के व्यक्ति थे, जो भी उनसे मिलता था प्रभावित हो जाता था। उनका और मेरा साथ राजनीति में लंबे समय तक रहा। मृगेन्द्र सिंह ने फाउंडेशन की तरफ से किए गए कार्यो की रूपरेखा प्रस्तुत की। पुत्री मुस्कान ने कहा कि पापा के इसी सेवा भाव के संकल्प को हम सभी मिलकर पूरा कर रहे है। हर महीने की 5 तारीख को हम एकजुट होकर दीन दुखियों की सेवा में जुटते है और जुटते रहेंगे।





## मेट्रो एंकर — लंबे समय से खाली पड़े हैं निगम मंडल में सैकड़ों पद, दावेदार इंतजार करते-करते थके

# एक बैठक के बाद राजप्रसाद बंटने की संभावना फिर बनी

दोहपर मेट्रो, भोपाल

मप्र सरकार में लंबे समय से थमी राजनीतिक नियुक्तियों की सुगबुगाहट एक अहम बैठक के बाद शुरू हो गई है। लेकिन दावेदारों का इंतजार इतना लंबा हो चुका है कि अब फैसले का ही इंतजार कर रहे हैं। दरअसल हाल में सीएम हाउस में मुख्यमंत्री मोहन यादव और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बडे नेता दीपक विस्पुते के साथ कुछ बड़े नेताओं ने बैठक हुई है। माना जा रहा है कि मई में या जून के पहले पखवाड़े तक निगम-मंडलों, प्राधिकरणों, आयोग, सहकारी संस्थाओं में अशासकीय पदों पर, नगर निगमों और मंडी बोर्ड में नियुक्तियां हो सकती हैं।

सरकार में अभी राजनीतिक नियुक्तियां के लिये सैंकडों पद खाली हैं। एक साल पहले मोहन सरकार ने सभी निगम-मंडलों और आयोगों में नियुक्ति राजनीतिक नेताओं से इस्तीफे ले लिए थे। इसके बाद से सभी नई नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। पिछले तीन-चार महीनों से इन चर्चाओं ने जोर पकड़ा था कि भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने के बाद नियुक्तियां होंगी, लेकिन जानकारों का कहना है कि अब नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति जब भी हो, लेकिन इसके लिए राजनीतिक नियुक्तियां न रोकी जाएं। इसी के बाद ही सीएम हाउस में करीब तीन घंटे तक बड़े नेताओं के बीच बैठक हुई।



### बैठक में यह रहे मौजूद

इसमें सीएम यादव व विस्पुते के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, प्रदेश के सह प्रभारी सतीश उपाध्याय और अजय जमवाल मौजूद रहे। बैठक में तय हुआ कि जल्द से जल्द अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, सदस्य, डायरेक्टर, अशासकीय मेंबर आदि पदों पर नियुक्तियां कर दी जाएं। सभी को दो साल का वक्त मिल जाएगा। कार्यकाल पूरा हो जाए तो नए लोगों को भी समय पर मौका मिल जाएगा। बताया जा रहा है कि राजनीतिक नियुक्तियों की पहल इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से की गई है।

## संपादकीय

# संयम व समझ का अहम पाठ

बीते काफी दिनों से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के कामकाज पर लोगों की नजरें हैं। क्योंकि इसकी कार्रवाइयों को लेकर लंबे समय से अंगुलियां उठती रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय भी कुछ मौकों पर फटकार लगा चुका है कि वे धनशोधन के मामलों में गिरफ्तारियां तो खूब करते हैं, पर उनमें दोषसिद्धि की दर बहुत कम होती है। इससे कार्रवाईयों पर संदेह होता है। हालांकि अतिरिक्त महाधिवक्ता एसवी राजू ने अनेक मौकों पर अदालतों में ईडी का बचाव किया है, मगर उन्होंने भी खुद प्रवर्तन निदेशालय के स्थापना दिवस के मौके पर उसके अधिकारियों को नसीहत दे डाली कि धनशोधन मामलों में गिरफ्तारियों में संयम बरतें। शुरुआती चरण में ही गिरफ्तारी न करें। गंभीरता से जांच करने के बाद ही गिरफ्तारी का विचार करें और उसका आधार प्रस्तुत करें, नहीं तो अदालतों में उन्हें बेहतर नतीजे नहीं मिल पाएंगे। अतिरिक्त महाधिवक्ता की इस नसीहत की वजह समझी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में ईडी ने धनशोधन से जुड़े मामलों में बहुत तेजी से कार्रवाइयां की हैं। थोड़े-थोड़े अंतराल पर उसकी छापेमारी चलती रहती है। यही वजह है कि करीब नौ वर्षों में उसने सवा पांच हजार से अधिक मामले दर्ज कर लिए। उनमें से ज्यादातर मामलों में गिरफ्तारियां भी हुईं। मगर दोषसिद्धि केवल चालीस मामलों में हो पाई है। यह भी अब छिपी बात नहीं है और चर्चा में आती रहती है कि जांच एजंसियों की कार्रवाइयों के पीछे सरकार का दबाव रहा है, जिसके चलते ज्यादातर छापेमारियां और गिरफ्तारियां विपक्षी दलों से जुड़े लोगों के खिलाफ हुई हैं। इसलिए इन कार्रवाइयों को लेकर सत्तापक्ष लगातार विपक्ष के निशाने पर रहा है। मगर अतिरिक्त महाधिवक्ता की चिंता यह है कि ऐसे मामलों में अदालत के सामने उन्हें ही दलील पेश करनी पड़ती है और अक्सर मामले कमजोर होने पर उन्हें अदालत की फटकार भी सुननी पड़ी है। इसलिए उन्होंने ईडी अधिकारियों को सीख दी है कि वे केवल मौखिक बयानों के आधार पर गिरफ्तारी का आधार न तैयार करें। खास बात यह है कि यही बात सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष एक मामले की सुनवाई के वक्त कही थी। मगर उस पर ईडी की दलील थी कि धनशोधन निवारण कानून की धारा पचास के तहत उसे मौखिक बयानों के आधार पर गिरफ्तारी का अधिकार प्राप्त है। अब अतिरिक्त महाधिवक्ता ने अदालत से बाहर उसी दलील के उलट पाठ पढ़ाया है कि कई बार लोग गिरफ्तारी के डर से कुछ बातें कबूल कर लेते हैं, पर बाद में अदालत के सामने अपने बयान से मुकर जाते हैं। इसलिए मौखिक बयानों को आधार न बनाएं। दरअसल, भ्रष्टाचार रोकने के मकसद से धनशोधन निवारण कानून में बदलाव कर प्रवर्तन निदेशालय को काफी हद तक मुक्तहस्त बना दिया गया है। गिरफ्तारियों से संबंधित कानूनों को काफी लचीला बना दिया गया है। कई मामलों में ईडी को गिरफ्तारी के लिए इजाजत लेने या इत्तिला करने की जरूरत नहीं रह गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे व्यक्ति के मौलिक अधिकार का हनन माना था, मगर ईडी ने मौलिक अधिकारों के ऊपर अपने अधिकारों को ज्यादा तरजीह दी है। अब अतिरिक्त महाधिवक्ता के ताजा विचारों से उम्मीद तो बनी है कि ईडी अपनी कार्रवाइयों में कुछ सतर्कता और कानूनी मूल्यों का ध्यान रखेगी, न कि केवल अपने अधिकारों का मनमाना उपयोग करेगी। हालंकि यह भी देखने की बात होगी कि ईडी अपने को सरकारी दबाव से किस हद तक मुक्त कर पाती है। यदि वह ऐसा कर पाई तो शायद उसके बारे में उभरने वाली बहुत सारी शिकायतें भी कम हो जाएं!

**आत्म सम्मान मनुष्य के दुर्गुणों को बस में रखने की पहली लगाम है।**

**- बेकन**

## आज का इतिहास

- 1780: अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना।
- 1846: अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को खत्म किया गया।
- 1854: भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रूप से जारी।
- 1896: लंदन डेली मेल का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
- 1897: पेरिस में बाजार में आग लगने से करीब 200 लोगों की मौत।
- 1924: पेरिस में 8वें ओलिंपिक खेलों की शुरुआत।
- 1945: जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे में सरेंडर किया।
- 1959:पहला ग्रैमी अवॉर्ड समारोह आयोजित।
- 1979: मार्गरेट थैचर ब्रिटेन की पहली लेडी पीएम बनीं।
- 1980: जिम्बाब्वे के नेता रॉबर्ट मुगाबे ने चुनाव में भारी जीत हासिल की और पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने।
- 1983: चीन ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1989:अमेरिकी अंतरिक्ष यान एफटीएस-30 का प्रक्षेपण हुआ।
- 1994: काहिरा में इजराइल एवं फिलिस्तीन ने फिलिस्तीनी स्वायत्तता से संबंधित ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1997: फ्रांस की क्रिस्टिन जेनिन ध्रुव पर पैदल पहुंचने वाली विश्व की प्रथम महिला बनी।
- 1999: भूमिगत बारूदी सुरंगों के बनाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए ओटावा संधि के सभी हस्ताक्षरकर्ता देशों की पहली बैठक मापूतो (मोजाम्बिक) में हुई।
- 2003: मैक्सिको की अन्ना गुएवेरा ने 35.30 सेकेंड का समय लेकर ग्रांप्री मीटर की 300 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया।
- 2005: संयुक्त राष्ट्र ने लश्कर-ए-तैयबा को आतंकवादी संगठन की सूची में डाला।
- 2006: दुनिया की सबसे बड़ी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक पोर्टर ग्रास ने इस्तीफा दिया।

## निशाना

### ठीक नहीं खिलवाड़ !



-कृष्णेन्द्र राय

**इस तरह सम्मान से ।**
**ठीक नहीं खिलवाड़ ।।**
**कर रहे मजाक ।**
**और रहे दहाड़ ।।**
**सेना और विमान पर ।**
**साधना निशाना ।।**
**इनका ये षणयंत्र ।**
**हुआ अब पुराना ।।**
**करनी का फल भुगत रहे ।**
**रहे गर्त में डूब ।।**
**शर्म नहीं आलोचना से ।**
**हो रही जो खूब ।।**
**उपर से आदेश है ।**
**ऐसे करते जाना ।।**
**हर पल प्रश्न चिन्ह ।**
**रहे याद लगाना ।।**

# समस्या तो अब शुरू होगी, राह में आएगी सामाजिक व विभाजक शक्तियों की दीवार

■ विराग गुप्ता

**'जिसकी जितनी स'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नारे से वोट बैंक की फसल अच्छी कटती है, लेकिन जाति जनगणना पर अमल के लिए कई सांविधानिक व सामाजिक चुनौतियों से जूझना होगा। साथ ही, विभाजक शक्तियां प्रबल होंगी, जिससे एआई के युग में भारत अपनी जनसांख्यिकी के लाभ से वंचित रह सकता है।ख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नारे से वोट बैंक की फसल अच्छी कटती है, लेकिन जाति जनगणना पर अमल के लिए कई सांविधानिक व सामाजिक चुनौतियों से जूझना होगा। साथ ही, विभाजक शक्तियां प्रबल होंगी, जिससे एआई के युग में भारत अपनी जनसांख्यिकी के लाभ से वंचित रह सकता है।**



वर्ष 1965 में पाकिस्तानी हमले के खिलाफ देशवासियों को एकजुट करने के लिए प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक वक्त का भोजन त्याग के साथ 'जय जवान जय किसान' का अमर नारा दिया था, लेकिन पहलगाम में पाकिस्तानी हमले के बाद पक्ष-विपक्ष के नेता धर्म और जाति के वोट बैंक की सियासत में मग्न हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने अप्रैल, 2021 में जनगणना में जातियों का डाटा इकट्ठा करने की बात सरकार से कही थी, लेकिन जुलाई 2021 में केंद्र सरकार ने संसद में बताया कि जातिगत जनगणना कराने का कोई इरादा नहीं है। उसके बाद नवंबर, 2023 में विकसित भारत की संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, महिला, किसान और युवा चार जातियों का जिक्र किया था। प्रवासी श्रमिकों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने भारत में गरीबों की बढ़ती आबादी पर हैरानी जताई है।अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति से भारत में धर्म और जातियों के विभाजन को बढ़ावा दिया था। साल 1901 की जनगणना में 1,646 और साल 1931 की जनगणना में कुल 4,147 जातियों की संख्या बताई गई थी। साल 1931 की जनगणना के अनुसार, 52.4 फीसदी ओबीसी, 22.6 फीसदी अनुसूचित जाति/जनजाति, 17.6 फीसदी अगड़ी जातियां और 16.2 फीसदी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग थे। मंडल कमीशन की रिपोर्ट अविभाजित भारत के 50 साल पुराने इन्हीं आंकड़ों पर आधारित थी। 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नारे से वोट बैंक की फसल अच्छी कटती है, इसलिए जातिगत जनगणना के मुद्दे पर सभी दलों के नेता उत्साहपूर्ण तरीके से सहमत हैं।

यूपीए सरकार के दौरान साल 2011 में जनगणना के बाद सामाजिक और आर्थिक नजरिये से जातियों की गणना हुई थी। कई रिपोर्टों के अनुसार, उस सर्वे में 46 लाख से ज्यादा जातियों का विवरण था। इसलिए वह रिपोर्ट पूरे तौर पर कभी प्रकाशित ही नहीं हुई। जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय लिस्ट में लगभग 2,633, जबकि राज्यों में लगभग 3,651 ओबीसी जातियां शामिल हैं। केंद्र सरकार मोबाइल और एप के माध्यम से डिजिटल जनगणना कराने का दावा कर रही है। 2011 की जनगणना में लगभग 25 लाख सरकारी शिक्षकों और कर्मियों की ड्यूटी के साथ लगभग 2,200 करोड़ रुपये का खर्च हुए थे।?साल 2019 में जनगणना के मद में लगभग 8,754 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान था, जो अब बढ़ गया होगा। उसके बावजूद 2025-26 के बजट में जनगणना के मद में केंद्र सरकार ने सिर्फ 574 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। 16वीं जनगणना के लिए निर्धारित फॉर्म में बीसवां नया कॉलम बढ़ाने और 2011 की अप्रकाशित रिपोर्ट की गलतियों से बचने के लिए केंद्र सरकार को राज्यों के साथ मिलकर जातियों व उपजातियों की लिस्ट को अंतिम रूप देना होगा। इस प्रक्रिया में विपक्ष शासित राज्यों से समुचित विमर्श से जाति के नाम पर सामाजिक असंतोष को भड़काने वाली ताकतों को नियंत्रित रखना बड़ी चुनौती होगी। मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईडब्ल्यूएस के साथ कई राज्यों में ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलता है। जनगणना में मुस्लिम समुदाय में जातियां के सर्वे पर भी कानूनी विवाद हो सकते हैं।

सरकार की तरफ से सशक्तीकरण और समावेशी विकास के दावे किए जा रहे हैं, पर इसे सफल बनाने के लिए सरकार को चार बड़ी सांविधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, पहला-संविधान में आबादी के अनुसार विधायकों और सांसदों की सीटों का निर्धारण होता है, जिसे परिसीमन कहते हैं। दक्षिण के राज्य 1971 की पुरानी आबादी के अनुसार परिसीमन की मांग कर रहे हैं, जिसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। परिसीमन पर क्षेत्र और भाषा के आधार पर विवाद को रोकने के लिए सरकार जनगणना के फैसले को टाल रही है। उस फॉर्मूले के अनुसार, जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करने में भी विलंब हो सकता है।

दूसरा-संविधान के 106वें संशोधन से विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण मिला था। सुप्रीम कोर्ट की महिला जज और संभावित आगामी चीफ जस्टिस बीवी नागरत्ना ने महिला आरक्षण को जल्द लागू करने की मांग दोहराई है। सरकारी दावों के अनुसार, यदि 2026 में जनगणना पूरी हो गई, तो 2029 के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू करने का दबाव बढ़ेगा। अब जाति जनगणना की नई गुगली के बाद महिला आरक्षण में भी जातिगत आरक्षण की मांग बढ़ सकती है। ऐसा होने पर संविधान में नए सिरे से संशोधन करना होगा। तीसरा-संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, जनगणना का विषय केंद्र सरकार के अधीन आता है। आजादी के बाद साल 1951 की पहली जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजातियों का ही विवरण लिया गया था। उसके बाद साल 1961 में राज्य सरकारों को ओबीसी जातियों के सर्वेक्षण की इजाजत मिली थी। बिहार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कनार्टक ने सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सामाजिक, आर्थिक सर्वे की आड़ में जातिगत जनगणना की, जिसके लिए संविधान में इजाजत नहीं है। भविष्य में ऐसे दुरुपयोग को रोकने के लिए केंद्र सरकार कानून में बदलाव की पहल कर सकती है।चौथा-संविधान के अनुच्छेद-15 में धर्म, जाति, लिंग, भाषा और जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव वर्जित है, लेकिन शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के अपवाद के आधार पर आरक्षण का प्रावधान है। जाति के आधार पर आरक्षण को सरकारी मान्यता मिलने से संविधान में समानता के मौलिक अधिकार का संस्थागत और संगठित उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने इंदिरा साहनी फैसले में आरक्षण की अधिकतम सीमा को 50 फीसदी निर्धारित किया था। जातिगत जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद आरक्षण की सीमा को बढ़ाने के लिए सरकार और विपक्ष संविधान संशोधन पर सहमत हो सकते हैं, जिससे मुकदमेबाजी बढ़ेगी। ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों से बड़ी संविधान पीठ का गठन करना होगा, जिसका फैसला केशवानंद भारती मामले से भी ज्यादा ऐतिहासिक हो सकता है।

क्या बिहार चुनाव के पहले जाति गणना की घोषणा पर प्रशासनिक तौर पर अमल होगा या यह आगे खिसक सकता है? जाति गणना की सियासत से विभाजक शक्तियां प्रबल होंगी, जिससे गरीबी और असमानता का संकट बढ़ने के साथ टेक और एआई के युग में भारत अपनी जनसांख्यिकी के लाभ से वंचित रह सकता है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# मध्य वर्ग के विरोधाभास और शिक्षा का बाजारीकरण

■ अविजित पाठक

जब हाल ही में मैंने राष्ट्रीय राजधानी में फीस में अनाप-शनाप वृद्धि- ट्यूशन फीस से लेकर वातानुकूलित कक्षाओं के लिए अतिरिक्त शुल्क तक के खिलाफ गुस्साए अभिभावकों की खबरें देखीं तो मेरे मन ने उन विरोधाभासों पर विचार करना शुरू कर दिया, जो तथाकथित तरक्कीपसंद एवं महत्वाकांक्षी वर्ग के जीवन-ढंग को चरित्रार्थ करते हैं। हां, मैं समझ सकता हूं कि कोई फैंसी निजी स्कूल, जहां वे अपने बच्चों को शिक्षा के लिए भेजते हैं, यदि मनमाने ढंग से फीस बढ़ा दे, उनकी जरा सुनवाई न करे और उन्हें महंगी वर्दी, नोटबुक और गैर-एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकें खरीदने के लिए मजबूर करे, तो गुस्सा होने के उनके कारण वाजिब हैं। मेरी उस अभिभावक से पूरी सहानुभूति है, जब वह कहता है कि एक बंदे की कमाई पर चलने वाले परिवार के लिए 50,000 रुपये सालाना प्रति बच्चा का अतिरिक्त चुकाना बेहद मुश्किल हो जाएगा।फिर भी इन गुस्साए अभिभावकों से एक सवाल पूछे बिना मुझसे रहा नहीं जा रहा– क्या उन्हें नहीं पता था कि बच्चों को इन आलीशान निजी स्कूलों में भेजने का उनका फैसला शिक्षा के बाजारीकरण और वस्तुकरण को अपनी सहमति देने जैसा था? और क्या यह सच नहीं है कि हममें से कई लोग, जो इस वर्ग से हैं, क्या कभी उन्होंने कभी सरकार पर यह दबाव डालने की जहमत उठाई है कि सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हमारे बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए सुसज्जित क्यों नहीं हैं? वास्तव में, इसकी बजाय जब मैं हर सुबह डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, सिविल सेवक, प्रोफेसर और अन्य पेशेवरों को अपने बच्चों के साथ वातानुकूलित स्कूल बसों का इंतज़ार करते हुए देखता हूं और ठीक इसी वक्त फटे-मटमैले कपड़ों में कुपोषित बच्चे पास के नगरपालिका स्कूलों की ओर जा रहे होते हैं, मैं एक अन्य तल्ख हकीकत देख रहा होता हूं, जो अत्यधिक असमान व विषमता भरे इस देश की विशेषता है। शायद ही कभी ये दोनों दुनिया आपस में मिलती हों।

वास्तव में, हम यह विलय करना ही नहीं चाहते थे। एक सुचालित सार्वजनिक क्षेत्र के लिए हमने मिलकर लड़ाई लड़ी ही नहीं। इसकी बजाय, हमने खुद को हर उस चीज़ से अलग करना शुरू कर दिया जो 'सार्वजनिक' है। सार्वजनिक परिवहन की बजाय अपने निजी वाहन या सरकारी अस्पतालों की बजाय निजी नर्सिंग होम तक –हमने खुद का गरीबों, वंचितों और निम्न मध्यम वर्ग के संघर्षों से किनारा कर लिया। इसका नतीजा यह है कि सरकार भी सामाजिक रूप से सार्थक सभी कल्याणकारी परंपराओं से दूर होती जा रही है। इसलिए, कुछ हद तक यह पाखंड लगता है, जब हम इस पर रोष करने लगें कि नई दिल्ली के एक जाने-माने निजी स्कूल की वार्षिक ट्यूशन फीस (पंजीकरण, विकास, परीक्षा शुल्क और परिवहन जैसे अतिरिक्त शुल्कों के अलावा) 2 लाख रुपये है। यह सोच कुछ वैसी ही है कि यदि आप और मैं गुहार करें और अपनी वित्तीय कठिनाइयों की कहानियां बताएंगे तो कोई फैंसी कॉर्पोरेट अस्पताल पसीज कर अपना शुल्क घटा देगा!




यह वास्तव में चिंता का विषय है कि हमारे सार्वजनिक स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय तेजी से कम हो रहे हैं, और निजी उद्यम कुकुरमुत्ते की भांति तेजी से उग रहे हैं। संभवतः, मेरी पीढ़ी कुछ हद तक भाग्यशाली थी। जी हां, मैं पश्चिम बंगाल के एक बांग्ला-माध्यम सरकारी विद्यालय में पढ़ा हूं। हमारे स्कूल में हम धाराप्रवाह अंग्रेजी में बात नहीं करते थे, हमारे पास वह सब नहीं था जिसे आज वाली पीढ़ी एक जरूरी 'सांस्कृतिक पूंजी' मानती है–वे प्रतीक और चाल-चलन, जो हमें हर उस चीज़ से अलग करे, जो 'सामान्य' है। और फिर भी, मुझे यह कहने में जरा संकोच नहीं है कि हमें काफी हद तक बढ़िया शिक्षकों की संगति मिली, और हमारा शैक्षणिक कौशल काफी संतोषजनक रहा। इसके अलावा, इस सरकारी स्कूल में, मैंने विविधता और बहुलता के परमानंद का अनुभव किया। मेरे दोस्त अलग-अलग जातियों, वर्गों और धर्मों से थे। अमीर और गरीब के बीच कोई भेदभाव नहीं था। वास्तव में, जो लोग निजी स्कूलों के सामने फीस वृद्धि का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि जब मैंने 1974 में अपनी बोर्ड परीक्षा दी थी, तब ट्यूशन फीस मात्र 5 रुपये प्रति माह थी! संभवतः, 'सामान्य स्कूलों' वाली महान दृष्टि जो कोठारी शिक्षा आयोग, 1966 की सिफारिशों की विशेषता थी, तब तक भी जीवित थी। भारत गरीब था लेकिन तब भी, 'दक्षता' और 'विकास' के नवउदारवादी सिद्धांत में छिपा बाजार-कट्टरवाद का तर्क इतने स्पष्ट रूप से उघड़ा नहीं था। सरकारी स्कूलों से लेकर समावेशी और किफायती सार्वजनिक विश्वविद्यालयों तक –हमारी यह यात्रा, भले ही परिपूर्ण न हो, लेकिन इसने हमें सिखाया कि किस प्रकार समाजवादी व कल्याणकारी नीतियों के बिना, भारत असमानता और शोषण के अभिशाप को दूर करने, एक लोकतांत्रिक और समतावादी राष्ट्र की ओर नहीं बढ़ सकता।

हालांकि, हमारे समय में भी, नवउदारवादी बाजार कट्टरवाद की चमक-दमक ने हमउम्रों को भी बहकाया है। कोई आश्चर्य नहीं कि हम सरकार से कुछ भी ठोस मांग नहीं करते हैं। इसकी बजाय, हमने यह स्वीकार लिया है कि लगभग हर वह चीज- चाहे शिक्षा हो या स्वास्थ्य, यहां तक कि शुद्ध हवा भी- एक वस्तु भर है और अगर आपके और मेरे पास पैसा है, तो हम इसे खरीद सकते हैं। 'सार्वजनिक मुद्दों के निजी समाधानों' में यह नवउदारवादी विश्वास इतना गहरा पैठ चुका है कि हम सरकार से कुछ भी ठोस मांगना भूल गए हैं। हमें अपने विरोधाभासों को स्वीकार करना होगा। हम चाहते हैं कि ये शिक्षा की दुकानें अपने पैकेज्ड यानी कमोडिफ़ाइड शिक्षा की कीमत कम करें। हालांकि, सरकार से यह मांग करना कि जो टैक्स हम भरते हैं, उसका सही इस्तेमाल किया जाए ताकि कम से कम किफ़ायती, समावेशी और अच्छी गुणवत्ता वाले सरकारी स्कूल, सरकारी विश्वविद्यालय और सरकारी अस्पताल मिल सकें, इस हक के वास्ते सड़क पर उतरना हमें मंजूर नहीं।

साझा सार्वजनिक चिंताओं के प्रति हमारी इस उदासीनता ने ही ऐसी स्थिति पैदा की है जिसमें हम तमाम सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की कम होती संख्या देख रहे हैं। उदाहरण के लिए, मेरे अपने स्कूल को ही लें, जिसने कभी मुझे मंत्रमुग्ध कर रखा था। आज जब मैं इस सरकारी स्कूल में जाता हूं, तो मैं हर जगह पसरा पतन देखता हूं- खाली पड़ी कक्षाएं, कम नामांकन और हतोत्साहित शिक्षक। दूसरी ओर, मैं मध्यवर्ग के लोगों की फैंसी निजी स्कूलों और ब्रांडेड कोचिंग सेंटरों के प्रति आसक्ति देखता हूं। संदेश स्पष्ट है– शिक्षा आपका अधिकार नहीं है, यह बाजार में एक वस्तु भर है, जो आपको खरीदनी पड़ रही है और अगर आपके पास आवश्यक पैसा नहीं है, तो इसे भूल जाएं! क्या हम जैसे लोग इन विरोधाभासों से पार पा सकेंगे, सड़क पर आकर शिक्षा के बदसूरत वस्तुकरण का विरोध कर पाएंगे और सरकार पर किफायती, समावेशी और अच्छी गुणवत्ता वाले सार्वजनिक स्कूल और विश्वविद्यालयों को बढ़ावा देने के लिए दबाव डाल सकते हैं?

**(साभार : लेखक समाजशास्त्री हैं, यह उनके निजी विचार हैं)**

### कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने वीडियो कांफ्रेंस में सभी कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# रीडर आईडी पर राजस्व प्रकरण पेंडिंग रखने वाले रीडरों पर कार्यवाही होगी

- जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्य न करने वाले सीईओ पर कार्यवाही अधिरोपित की जाए
- गंभीर मरीजों को रेफर करने पीएम श्री एंबुलेंस का उपयोग किया जाए



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार के रीडर अपनी आईडी पर आने वाले राजस्व प्रकरणों को अनावश्यक पेंडिंग रख रहे हैं, रीडर प्रकरणों की जानकारी ना एसडीएम को दे रहे हैं और ना ही तहसीलदार को, राजस्व प्रकरणों को पेंडिंग रखने वाले ऐसे रीडरों पर कलेक्टर प्रभावशाली कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में बेहतर कार्य नहीं कर पा रहे है। अपने रीडर की आईडी चेक नहीं कर रहे हैं। बताया गया की नर्मदापुरम हरदा एवं बैतूल में एसडीएम व तहसीलदार के रीडर्स आईडी पर बहुत सारे प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित चल रहे हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी राजस्व प्रकरणो को ऑनलाइन किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि वन व्यवस्थापन से संबंधित सभी प्रकरणों को पोर्टल पर दर्ज किया जाए, कोई भी प्रकरण ऑफलाइन ना रहे। कमिश्नर ने निर्देश दिए की भू अर्जन के प्रकरण भी पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिस विभाग को भू अर्जन करना है वह भू अर्जन पोर्टल पर प्रकरण अपलोड करेंगे लेकिन ठीक इसके विपरीत हो रहा है संबंधित विभाग एसडीएम को प्रकरण भेज रहे हैं। एसडीएम उन प्रकरणों को ऑफलाइन किए हुए हैं और कलेक्टर के पास नहीं भेज रहे हैं। कमिश्नर ने ऐसी स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी प्रकरण पोर्टल पर ऑनलाइन किए जाएं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अब तक किए गए कार्य के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रुचि लेकर कार्य नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सभी सीईओ को चेतावनी देते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में अपेक्षित प्रगति लाई जाए और यदि कार्य पालन में लापरवाही बरती जाएगी तो संबंधित सीईओ पर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने शासन द्वारा खेत तालाब के लिए दिए गए लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही तीनों जिलों यथा बैतूल हरदा और नर्मदापुरम के कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह और अधिक मेहनत कर जल गंगा संवर्धन अभियान में शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए बेहतर कार्य का प्रेजेंटेशन भी तैयार करें।

कमिश्नर ने पीएम श्री एम्बुलेंस से अब तक हरदा व बैतूल में मात्र एक-एक गंभीर मरीजों को रेफर करने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गंभीर मरीजों एवं सड़क दुर्घटना में घायल गंभीर व्यक्तियों को तत्काल पीएम श्री एंबुलेंस से रेफर किया जाए। उन्होंने नर्मदापुरम द्वारा अब तक पीएम श्री एंबुलेंस का उपयोग न करने पर नाराजगी व्यक्त की साथ ही निर्देश दिए की गंभीर मरीजों को पीएम श्री एंबुलेंस से भोपाल रेफर किया जाए, पीएम श्री एंबुलेंस का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने आरबीसी 6/4 में सर्पदंश एवं अग्नि दुर्घटना से मृत्यु हुए व्यक्तियों के परिजनों को राहत राशि देने में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए, साथ ही ज्ञात एवं अज्ञात वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी पुलिस अधीक्षक से एकत्रित करने के निर्देश दिए और कहां की पुलिस अधीक्षक से डाटा प्राप्त होने के पश्चात ज्ञात एवं अज्ञात वाहनों से दुर्घटनाग्रस्त हुए व्यक्तियों एवं मृत व्यक्तियों के परिजनों को राहत राशि प्रदान की जाए। कमिश्नर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की विशेष तौर पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहां की सभी कलेक्टर्स वर्ष भर इस योजना की मॉनिटरिंग करें और महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र लगातार बैंक के संपर्क में रहकर हितग्राहियों की ऋण राशि स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें।

# चित्रगुप्त जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्प बरसाकर स्वागत



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

रविवार को कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ मनाया गया। अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने चित्रगुप्त घाट स्थित चित्रगुप्त मंदिर से पूजा अर्चना के बाद एक भव्य शोभायात्रा निकाली , जो विभिन्न मार्गो से होते हुए सेठानी घाट पहुंची। भगवान चित्रगुप्त न्यायाधीश के रूप में जाने जाते हैं। उनकी जयंती पर समाज ने भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। शोभायात्रा में विधायक डॉक्टर सीताशरण शर्मा सहित अन्य विशिष्टजन शामिल हुए।

विधायक श्री शर्मा ने चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त न्याय के देवता हैं। आज भगवान का प्रकटोत्सव आनंद से मन रहा है इसके लिए मैं शहरवासी और समाज के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त न्याय करते हैं और हमें उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर विधायक श्री शर्मा ने नर्मदा लोक बनने पर चित्रगुप्त मंदिर की नवनिर्माण कार्य करवाने की बात कही ।उन्होंने कहा कि नर्मदा लोक का जब कार्य शुरू होगा तब चित्रगुप्त घाट पर भव्य मंदिर बनेगा ।

चित्रकूट घाट स्थित मंदिर से भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा एकता चौक , मोरछली चौक, इतवारा बाजार, जयस्तंभ चौक , हलवाई चौक, सराफा चौक होते हुए होली चौक स्थित कोरीघाट चित्रकूट मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान बग्घी पर एक नन्हे बच्चे को चित्रगुप्त भगवान बनाकर बिठाया गया जो की आकर्षण का केंद्र रहा। बैंड बाजे डीजे की धुन पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। जगह-जगह आतिशबाजी हुई। शोभा यात्रा का मोरछली चौक पर सर्व ब्राह्मण समाज ने फूलमाला से समाज का स्वागत किया गया। वहीं व्यापारी संघ ने इंदिरा चौक पर फूल माला से स्वागत किया। हलवाई चौक पर संघ के कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाए और जलपान कराया। इसके साथ ही सराफा चौक पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

# कलेक्टर ने जन समुदाय को लू से बचाव के साधन अपनाने की सलाह दी

- मई में तापमान औसत से अधिक होने की सम्भावना है



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार माह मई 2025 में तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण अधिकांश भागो में लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है। जिले में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए जिला स्तर पर जन समूदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव तथा निर्देश जारी किये गये है। इस संबध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने गत दिवस सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं और प्रकोप से बचाव के निर्देश जारी किये है।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने गत दिवस सभी संबंधित विभाग को निर्देश दिये है कि भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा लू से संबन्धित दी गई चेतावनी अनुसार आवश्यकतानुसार विधिवत परिवर्तन करने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए जावें। लू से प्रभावित होने पर प्राथमिक उपचार के लिए उपचार बॉक्स की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। संस्थाओं में शीतल पेय जल की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। पेय जल श्रोत के आसपास सफाई एवं स्वछता सुनिश्चित की जावे। अस्पतालों/आपातकालीन सेवा प्रदान करने वाले संस्थाओं/ विभागों का संपर्क के लिए रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। लू से बचाव से के लिए आवश्यक निर्देश/ सुझाव बैनर लगाए जावें। लू (तापघात) प्रबंधन के सम्बन्ध में शिक्षकगण विद्यार्थियों को कक्षाओं में अवगत करावें। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सामाजिक न्याय विभाग को निर्देश दिये है कि शहर के ऐसे स्थलों को चिन्हित किया जाये जहाँ भिक्षुक अथवा शारीरिक रूप से कमजोर एवं निश्क्तजन अधिक संख्या में रहते हों; तथा उन जगहों पर शीतल जल तथा छाया की व्यवस्था की जावे। ऐसे लोगों के लू से प्रभावित होने की स्थिति में इन्हें तत्काल चिकित्सालय पहुँचाने हेतु आवश्यक व्यवस्था की जावे।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने पशु पालन विभाग को निर्देश जारी किये है कि पशुओं को लू से बचाव के लिए विभागीय योजना तथा गौपालकों/पशुपालकों को पशुओं को लू से बचाव सम्बन्धी जानकारी प्रदान करने के लिए जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए मैदानी स्तर के कर्मचारियों को निर्देशित किया जावे। पशु चिकित्सा से सम्बंधित दवाओं और उपकरण की स्थिति का आंकलन एवं स्टोरज किया जावे। पशुओं के लिए पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित किया जावे।

पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से 03 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें।सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।

# शराब के नशे में चूर ऑटो चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो जबलपुर रेफर

- थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर वन विभाग की डिपो के समीप हुआ हादसा शादी का न्यौता देने जा रहे थे बाइक सवार पुलिस कर रही मामले की जांच





**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

सोमवार का दिन तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र हादसे में भरा रहा है जहां सुबह से लगातार थाना में बड़े और छुटपुट हादसे घटित होते रहे हैं तो वहीं कुछ लोगों को जबलपुर रेफर किया गया है तो कुछ लोगों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है सोमवार की शाम 6 बजे थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर वन विभाग की डिपो के समीप एक आटों चालक ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राइवेट आटों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है वहीं टक्कर के बाद आटों भी बीच सड़क पर पलट गई लोगों द्वारा बताया गया है आटों चालक शराब के नशे में चूर है जहां उसने और भी जगह लोगों को टक्कर मारी है और अब बाइक सवारों को घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आटों चालक को पकड़कर थाने में लाया गया वहीं बाइक सवारों को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है

घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बाइक सवार समनापुर निवासी हैं जो लड़के की शादी का न्यौता देने के लिए तेजगढ़ हर्रई जा रहे थे लेकिन रास्ते में हादसे के शिकार हो गए हादसे में शिखर पिता रामेश्वर सेन उम्र 29 वर्ष रामनाथ पिता दशरथ सेन उम्र 43 वर्ष दोनों ही समनापुर थाना तारादेही के निवासी हैं जहां रामनाथ सेन अपने लड़के की शादी का न्यौता देने के लिए रिश्तेदारों के यहां पर हर्रई तेजगढ़ जा रहे थे लेकिन तेन्दूखेड़ा मुख्यालय से 4 किमी दूर दमोह मार्ग पर आटों चालक ने टक्कर मार दी जिससे रामनाथ सेन का पैर बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया है दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है

इस संबंध में थाना प्रभारी नीतेश जैन ने बताया कि आटों चालक को पकड़ लिया है आटों चालक शराब के नशे में था पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही आटों जब्त कर लिया है

## ट्रक को ओवरटेक करते समय मारुति वैन से टकराए बाइक सवार, दोनों गंभीर

**तेंदूखेड़ा!** जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की सुबह 9 बजे बाइक सवार दो युवक ट्रक को ओवरटेक करने में मारुति वैन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको 108 की मदद से तेंदूखेड़ा सामुदायक स्वस्थ केन्द्र भेजा गया जहां हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया घटना दुर्गा मंदिर के समीप की है उसी दौरान तारादेही पुलिस तेंदूखेडा आ रही थी। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया बाइक सवार तेंदूखेड़ा से तारादेही की और जा रहे थे। वीरेंद्र यादव ने बताया बाइक सवार एक ट्रक के पीछे चल रहे थे। उन्होंने अपनी बाइक ट्रक से आगे निकाली उसी समय सामने से आ रही बैन से टक्कर हो गई बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं मारुति वैन के चालक को भी गंभीर चोटे आई है घायल युवकों के परिजन भी तेंदूखेड़ा





स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गए ओंकार आदिवासी ने बताया घायलों में एक उनका बेटा और दूसरा पड़ोसी है हम ग्राम कछार के निवासी है मेरे बड़े बेटे की शादी का निमंत्रण देने के लिए दोनों बाइक से खगोरिया गांव गए थे। निमंत्रण देकर बापस घर आ रहे थे लेकिन बीच में यह घटना हो गई। घटना में दोनों वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये है। जिन्होंने तेंदूखेड़ा पुलिस ने सड़क के बाजू में रखवाया उसके बाद आवागमन चालू हुआ। जानकारी के अनुसार घायल अखलेश पिता किल्लू आदिवासी 25 और दुर्गेश पिता ओमकार आदिवासी 19 को सामुदायक स्वस्थ केंद्र लाया गया था प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना की सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा थाने से प्रधान आरक्षक ब्रजेश तिवारी मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया मारुति वैन और बाइक सवार की आमने सामने टक्कर होने की सूचना प्राप्त हुई थी घटना स्थल पहुंचकर दोनों वाहनो को हटवाया गया है घायल को उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

**मेट्रो एंकर** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हो रहा तालाब का गहरीकरण..

# इटारसी के खेडा तालाब का किया जा रहा उन्नयन एवं जीर्णोद्धार



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। अभियान अवधि में जल स्त्रोतों की सफाई और रखरखाव किया जा रहा है जिनमें नदियों, तालाबों और अन्य जल निकायों की सफाई और उनका उचित रखरखाव किया जा रहा है। साथ ही वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए घरों और सार्वजनिक स्थानों पर वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा जल स्त्रोतों के आसपास और खाली भूमि पर वृक्षारोपण भी किया जा रहा है ताकि मिट्टी के कटाव को रोका जा सके और जल संरक्षण में मदद मिले। अभियान के तहत पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण के महत्व पर कार्यशालाएं, सेमिनार और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरुक किया जा रहा है। यह अभियान विभिन्न सरकारी विभागों, गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय समुदायों के सक्रिय सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटारसी नगर के खेडा तालाब का उन्नयन कार्य किया जा रहा है। जिससे वर्षा काल में तालाब में अधिक से अधिक मात्रा में जल संचयन किया जा सके। उन्नयन कार्य अंतर्गत तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है जिससे तालाब की जलभरण क्षमता को बढ़ाया जा सके साथ ही तालाब की साफ सफाई का कार्य भी अभियान अवधि में किया जा रहा है।

## नपा ने तालाब के आस पास स्टोन पिचिंग कार्य करवाया

**सिवनी मालवा।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में 30 मार्च से लेकर 30 जून तक जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते जिले भर में जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर-बैनर, रंगोली प्रतियोगिताएं, ग्राम सभाएं और जल चौपाल जैसे जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, जन संगठनों की भागीदारी से कुएं, तालाब, पोखर, नदियों और नालों की सफाई के लिए श्रमदान भी किया जा रहा है। जल स्त्रोतों के भौतिक उन्नयन की दिशा में अभियान अवधि के दौरान कुएं, बावड़ी, तालाब, नहर जैसे पारंपरिक जल संरचनाओं का संरक्षण एवं पुनरुद्धार कार्य किया जा रहा है ताकि भविष्य की



पीढ़ियों को जल संकट का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में खेत तालाब एवं अमृत सरोवरों का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में नपा परिषद सिवनी मालवा के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल स?त्रोतो के उ?नयान के अंतर्गत तालाब निर्माण कार्य तथा उसमें स्टोन पीचिंग कार्य, रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया एवं जल के व्यर्थ अपव्यय को रोकने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया।

### कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए अफसरों से कहा

# नवाचारों का उद्देश्य समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से हो

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा कि आवेदनों के निराकरण हेतु जिले में जो नवाचार किए जा रहे हैं उन सबका यही उद्देश्य है कि समस्याओं का समाधान त्वरित हो।



कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज होने वाले आवेदनों का निराकरण एल वन स्तर पर ही होना चाहिए, ताकि समस्या के निराकरण की अवधि ना बढ़ पाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय सहित अन्य वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण तय सीमा में नहीं करने से संबंधित विभाग के साथ-साथ जिले की ख्याति प्रभावित होती है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि जिला अधिकारियों को अब खंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल होने की कवायद की जा रही है, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के आवेदकों को मुख्यालय तक आने की जरूरत ना पड़े। इस प्रकार के खंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रमों के उपरांत संबंधित विकासखंड क्षेत्र में विभागों की लंबित सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य शिकायतों के निराकरणों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भुगतान जिला स्तर पर होना है उसके लिए वेंडर इधर-उधर ना भटकें समय पर उनका भुगतान हो की नवीन परंपरा क्रियान्वित करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तहत आवासों के पूर्णता कार्यों में कार्यों के प्रतिशत में आ रही गिरावट पर असंतोष जाहिर करते हुए उन्होंने सभी जनपदों के सीईओ को निर्देशित किया है कि इस और विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि बारिश के पहले जिले के सभी आवास पूर्ण हो सकें और हितग्राही नवीन आवासों में पहुंच सकें और बारिश में पूर्व परेशानियों से उन्हें मुक्ति मिल सके। योजना के तहत आवासों के निर्माण कार्यों में विलंबता करने वाले सबसे खराब प्रदर्शन वाले 10-10 ग्राम पंचायत के साथ-साथ नगरीय निकाय क्षेत्र का चयन करने के निर्देश दिए हैं ताकि आगामी बैठक में इन पिछड़े खराब प्रदर्शन करने वालों की प्रथृक से समीक्षा हो सके।

#### आफ लाइन फाइलें बंद

कलेक्टर श्री गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब ऑफलाइन फाइलें एक भी ना भेजें। यदि किसी विभाग के द्वारा ऐसे कार्य किए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल साइन युक्त ई-फाइलें सीधे प्रेषित करें, ताकि शासन की मंशा के अनुसार विदिशा जिले के सभी विभाग ई-फाइलों के माध्यम से कार्यों का संपादन करें और जिलों की प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग सूची में जिला पिछड़ ना पाए।

#### सीएम डेस बोर्ड

कलेक्टर ने सीएम डेस बोर्ड पर लंबित आवेदनों की विभागवार केपीआई की समीक्षा की। इस दौरान बतलाया गया कि राजस्व विभाग की जारी केपीआई रैंकिंग सूची में विदिशा जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। इसी प्रकार स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम, सामाजिक न्याय, आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, माइक्रो, स्माल एण्ड मीडियम फायनेंस, नगरीय निकाय विभाग के निर्धारित केपीआई मापदण्डों के क्रियान्वयन व राज्य स्तरीय रैंकिंग में विभागवार हासिल ख्याति की समीक्षा की गई है।

#### सौ दिवस

सीएम हेल्पलाइन के तहत 100 दिवस की कुल 4970 शिकायतें जिले में लंबित हैं, इन शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष पहल करने के निर्देश विभागों को दिए गए हैं। बैठक में बताया गया कि सर्वाधिक शिकायतें महिला एवं बाल विकास विभाग की 2804 हैं। विभाग के अधिकारी को इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए विकासखंड स्तरीय अमले से शिकायत कर्ताओं से संवाद कर समस्याओं के समाधान पर बल दिया गया है।

#### 50 दिवस

सीएम हेल्पलाइन के तहत 50 दिवस से अधिक की कुल 6802 शिकायतें लंबित हैं। इन शिकायतों में सर्वाधिक महिला एवं बाल विकास विभाग की 3157 शिकायतें शामिल हैं। विकासखंड वार शिकायतों के समाधान हेतु अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है।

#### ग्रेडिंग माह

सीएम हेल्पलाइन के तहत ग्रेडिंग माह अप्रैल की कुल 5532 शिकायतें जिले के विभिन्न विभागों की लंबित हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इन शिकायतों के निराकरण पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह की 21 तारीख को प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग सूची जिलों की जारी की जाती है जो अप्रैल माह की शिकायतों पर आधारित होती है। उन्होंने सर्वाधित लंबित शिकायती विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूर्वानुसार शिविर आयोजित कर आवेदकों से संवाद कर समस्याओं का समाधान संतुष्टिपूर्वक निराकृत कराने के प्रयास करें। इसी प्रकार सभी एसडीएमों को भी अनुविभाग स्तर पर कार्यवाहियां सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में ब्लॉक वार सीपी ग्राम के तहत लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई है। इसके अलावा जनसुनवाई कार्यक्रम के लंबित आवेदन वहीं वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों के निराकरणों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाहियों से अवगत कराया गया है।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणों की सोमवार पांच मई की स्थिति में जारी जिलों की रैंकिंग सूची में विदिशा प्रदेश में पांचवे स्थान पर है।

समीक्षात्मक बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे वहीं खंड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के कार्यों की समीक्षा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के कार्यों की समीक्षा की गई है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि हितग्राहियों को समय पर हितलाभ मिले इसके लिए किसी भी प्रकार की कसर ना छोड़ी जाए। हितग्राहियों के जीवन में आने वाले बदलाव पर आधारित कहानियां अधिक से अधिक जारी की जाएं। ताकि अन्य हितग्राहियों के लिए प्रेरणा देने का कार्य कर सकें।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में बताया गया कि जिले की तीन विधानसभाओं में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 193 लाभान्वित हितग्राहियों को 9.93 करोड़ की राशि जारी की गई है। जिसमें कुरवाई विधानसभा के 28 हितग्राहियों को 1.16 करोड़, गंजबासौदा के 119 हितग्राहियों को 6.67 करोड़ तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के 46 लाभान्वित हितग्राहियों के लिए 2.1 करोड़ की राशि जारी की गई है।

## हितग्राहियों का ईकेवायसी कार्य अब 15 मई तक जारी रहेगी

खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पत्र में उल्लेखित सदर्भित पत्रों से सम्मिलित लाभान्वित हितग्राहियों के ईकेवायसी (ईकेवायसी) पूर्ण करने हेतु समय सीमा निर्धारित की गयी थी। समय सीमा में शेष रहे हितग्राहियो की ईकेवायसी किये जाने हेतु विस्तृत निर्देश जारी किये गये थे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आदेश जारी कर उक्त कार्य की प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए ईकेवायसी अभियान की अवधि 15 मई 2025 तक बढ़ा दी गई है। जिले के शेष हितग्राहियों की समय-सीमा में शतप्रतिशत ईकेवायसी पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। अभियान संचालन के शेष दिशा निर्देश पूर्वानुसार यथावत रहेगे।

**समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य सम्पन्न**

## विदिशा जिले में अब तक 561100 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई

**सिरोंज।** विदिशा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्यों के लिए जारी समयावधि के अनुसार पांच मई तक पंजीकृत कृषकों के द्वारा स्लॉट बुक कराए जाने के उपरांत क्रय करना था। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अनिल तंतुवाय ने बताया कि जिले में कुल 190 उपार्जन केन्द्र संचालित किए गए थे। इन केन्द्रों पर पंजीकृत 80189 कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया था इनमें से स्लॉट बुक करने वाले किसानों की संख्या 60959 है।

समर्थन मूल्य पर जिले में अब तक 561100 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी का कार्य 54427 कृषकों से किया गया है। भुगतान योग्य राशि 1458.86 करोड़ में से 1300 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

## आईटीआई में प्रवेश 31 तक

**सिरोंज।** मप्र के शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीवीटी व एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर से अथवा ऑनलाइन सहायता केंद्रों से www.dsd.mp.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश विवरणिका कौशल विकास संचालनालय मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड की वेबसाइट 222.स्रह्यस्र.द्वश्च.द्दश1.द्वठ्ठ पर उपलब्ध है। शासकीय आईटीआई विदिशा में प्रवेश के लिए प्रवेश पोर्टल पर अभ्यर्थी का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। अतः इच्छुक आवेदक प्रवेश के लिए 31मई 2025 तक पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।

## समूहों को क्रेडिट लिंकेज राशि जारी

**सिरोंज।** मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गठित स्व सहायता समूहों के लिए क्रेडिट लिंकेज की राशि जारी कर दी गई है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक संजय चौरसिया ने बताया कि तीन विकासखंड क्रमशः बासौदा, कुरवाई और शमशाबाद के हितग्राहियों को क्रेडिट लिंकेज की राशि जारी की है, तदानुसार बासौदा के लाभावित होने वाले 575 हितग्राहियों को 1676 करोड़, कुरवाई के 821 हितग्राहियों को 1688 करोड़ और शमशाबाद के 489.6 लाभान्वित हितग्राहियों को 1299 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, युवक जबलपुर रेफर

- तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह कार के उड़े परखच्चे पुलिस कर रही मामले की जांच



**तेंदूखेड़ा!- , दोपहर मेट्रो**

सोमवार की दोपहर लगभग 2बजे के आसपास थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर स्थित धनगौर की टेक के ऊपर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर कई पलटी खाकर पलट गई।

दुर्घटना में कार बुरी छतिग्रस्त हो गई साथ ही कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार परमलाल पिता हीरालाल पाल निवासी सलैया थाना तेन्दूखेड़ा है जो दोपहर के वक्त हादसे का शिकार हो गए वहां से गुजर रहे राहगीरों द्वारा बताया गया है कि कार चालक अधिक तेज रफ्तार में कार को चला रहा था और रफ्तार के कारण कार अनियंत्रित हो गई और कार सड़क छोड़कर पलटी खाते हुई पलट गई कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कार के हादसे में परखच्चे उड़ गए पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है

## योजना के आवेदन अब 30 जून तक जमा होंगे

**सिरोंज।** जिले हेतु उद्योग संचालनालय, भोपाल से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनान्तर्गत 160 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 18 से 45 वर्ष के न्यूनतम 8वीं पास बेरोजगार युवा स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु 50 हजार से 25 लाख रुपये तक की ऋण सेवा एवं व्यवसाय हेतु तथा 50 हजार से 50 लाख तक ऋण प्राप्त करने हेतु विनिर्माण कार्य हेतु samast.mponline.gov.in पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस योजना में आवेदक को 3 प्रतिशत का ब्याज अनुदान एवं सीजीटीएमएसई फीस की सुविधा प्राप्त होगी। उक्त योजना में ऋण हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2025 निर्धारित की गई है।

## एनएफएसए अंतर्गत ई-केवाईसी का विशेष अभियान 15 तक जारी रहेगा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) अंतर्गत सम्मिलित समस्त पात्र हितग्राहियों के ई- केवाईसी के लिए जिले में विशेष अभियान मई माह की 02 से 15 तक संचालित किया जाएगा।

गौरतलब हो कि जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत सम्मिलित समस्त पात्र हितग्राहियों के ईकेवायसी किये जाने हेतु आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। जिले में लगभग 11,22,781 हितग्राहियों की ई केवाईसी होना हैं। उक्त संबंध में अभियान विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियो के शतप्रतिशत ई केवाईसी कराई जाना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में सम्पूर्ण जिले में 11,22,781 हितग्राहियों में से 9,86,363 हितग्राहियों की ई केवाईसी हो चुकी है। शेष 1,36, 418 पात्र हितग्राहियों को ई केवाईसी कराये जाने की अपील की गई है।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में ई केवाईसी शिविर आयोजित किये जा रहे है जिनका निरीक्षण क्षेत्रीय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं सहायकध्कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों द्वारा किया जा रहा हैं। ओर सभी पात्र हितग्राहियों से क्षेत्रीय राशन दुकानों पर जाकर ई केवाईसी कराने के कार्य संपादित करेंगे। भारत सरकार द्वारा अनुदान भुगतान पर रोक लगाया जाना संभावित हैं ऐसी स्थिति में बगैर ई केवाईसी वाले हितग्राही 16 मई 2025 से खाद्यान्न प्राप्त करने से बंचित हो सकते है। खाद्यान्न से बंचित होने जैसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिये सभी पात्र हितग्राही अपनी-अपनी शासकीय उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन से ई केवाईसी कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि किसी सदस्य को ई केवाईसी कराने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो वह क्षेत्रीय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कनिष्ठ आपूर्ति अधिकार, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक, वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर अपनी ई केवाईसी करा सकते हैं। साथ ही परिवार में किसी सदस्य का विवाह हो जाने पर वह किसी अन्य परिवार का सदस्य हो जाता है, किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है अथवा कोई सदस्य स्थाई रूप से पलायन कर गया हो तो ऐसे सदस्यों को अपनी राशन पात्रता पर्ची से ग्राम पंचायत सचिव एवं वार्ड प्रभारी से विलोपित करा सकते हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों से अनुरोध है कि संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता को ईकेवायसी के कार्य में सहयोग करें।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा नवाचार

# विकासखंड की जनसुनवाई में कलेक्टर सहित जिलाधिकारी शामिल होंगे, शेड्यूल जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर आम नागरिकों की सहूलियतों को ध्यानगत रखते हुए विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रमों में कलेक्टर व विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित होकर आवेदनों का निराकरण करेंगे।

कलेक्टर श्री गुप्ता के द्वारा समस्याओं के निदान हेतु किए जा रहे नवाचारों के तहत जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का विकेन्द्रीकरण करते हुए जिलाधिकारियों को विकासखण्ड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रमों पर उपस्थित होने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरांत खंड स्तरीय सीएम हेल्पलाईन की विभागवार अद्यतन जानकारियों का भी जायजा लिया जाएगा, ताकि आमजनों के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही संपादित हो।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की उपस्थिति में विकासखण्डों पर आयोजित होने वाली जन सुनवाई कार्यक्रम का शेड्यूल जारी किया गया है तदानुसार मंगलवार 06 मई को नटेरन और शमशबाद तहसील के लिए शमशाबाद के महानीम चौराहा स्थित नवोदय विद्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम नियत समय प्रातः 11 बजे शुरू होगा। इसके अलावा 13 मई की प्रातः 11 बजे से सिरोंज व लटेरी तहसील के लिए एसडीओ/जनपद सभा कक्ष सिरोंज में, 20 मई की प्रातः 11 बजे से विदिशा शहरी और ग्रामीण तहसील के लिए कलेक्ट्रेट के बेतवा हाल में, 27 मई की प्रातः 11 बजे से बासौदा और त्योंदा तहसील के लिए एसडीओ/जनपद सभाकक्ष बासौदा में, 03 जून की प्रातः 11 बजे कुरवाई और पठारी तहसील के लिए एसडीओ/जनपद सभाकक्ष कुरवाई में, 10 जून की प्रातः 11 बजे से विदिशा शहरी और ग्रामीण तहसील के लिए कलेक्ट्रेट के बेतवा हाल में और 17 जून की प्रातः 11 बजे से ग्यारसपुर और गुलाबगंज तहसील के लिए जनपद सभाकक्ष ग्यारसपुर में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

जनसुनवाई को प्राथमिकता देते हुए आवेदकों और आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण किए जाने हेतु निर्णय लिया गया है कि विकासखंड सतर पर प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिसमें समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जनसुनवाई के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर आवेदक को सूचित करने के साथ-साथ जन आकांक्षा पोर्टल पर आवश्यक रूप से जबाव दर्ज किया जाएगा। जिलाधिकारी यथा संभव उसी दिन आवेदन या समस्या का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी आवेदन के निराकरण में समय लगने की संभावना है तो सात दिवस, 15 दिवस या एक माह में निराकरण किया जाएगा तो आवेदक को अवगत कराते हुए उस नियत दिनांक के पूर्व आवेदन का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करेंगे। किसी स्थिति में उस दिन प्राप्त आवेदनों को कोई भी अधिकारी नोट अटेण्ड नहीं रखेंगे।



जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन का जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करेंगे। विकासखण्ड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की होगी। आम नागरिकों एवं अधिकारियों की बैठक व्यवस्था संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों को पेयजल, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की जाए। जिला स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी पूर्व की भांति करेंगे।

प्रति मंगलवार जन सुनवाई में अधिकारियों एवं आम जनों की बैठक व्यवस्था संबंधित अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कराई जाये। आम नागरिको को कोई कठिनाई न हो इसलिए पानी, टोकन वितरण, व्हील चेयर की व्यवस्था संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करेंगे। प्रति मंगलवार को संबंधित अनुविभागीय अधिकारीध्मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अपने फीड अधिकारियों, कर्मचारी को जन सुनवाई में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करेंगे। प्रति मंगलवार को जन सनुवाई कार्यक्रम में आवेदन पत्रों को दर्ज करवाये जाने निर्धारित प्रपत्र पर पंजी संधारित, कम्प्यूटर ऑपरेटर मय सिस्टम के आवेदन दर्ज करवाये जाने हेतु व्यवस्था कराई जाए।

कलेक्टर ने की जिले वासियों से अपील - कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी जिले वासियों से अपील की है कि आने वाले समय एवं अगले 2 दिन में आंधी तूफान एवं बारिश की संभावना है, उन्होंने सभी से अपील की है कि आंधी तूफान एवं बारिश के समय आवश्यकता होने पर ही घर से बाहर आएं। छोटे-छोटे बच्चों को घरों की छत पर जाने से रोकें, पेड़ के नीचे खड़े ना रहे, दोपहिया वाहन भी संभल कर चलाएं।

## महिला ग्रां प्री का निर्णायक पड़ाव वैशाली के पास आखिरी मौका

**ग्रॉसलोबमिंग, ऑस्ट्रिया ।** 2024/2025 फीडे महिला ग्रां प्री शृंखला अब अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। छह चरणों की इस सीरीज का अंतिम और छठा चरण 6 मई से ऑस्ट्रिया के ग्रॉसलोबमिंग में शुरू होगा, जहां शृंखला की विजेता के साथ-साथ 2026 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए दो क्वालिफायर भी तय होंगे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की शुरूआत अगस्त 2024 में जॉर्जिया के त्बिलिसी से हुई थी। पिछले पांच चरणों के बाद रूस की अलेक्जांद्रा गोर्याचकिना 308.34 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, लेकिन वह ऑस्ट्रिया चरण में भाग नहीं ले रही हैं। दूसरे स्थान पर भारत की कोनेरू हम्पी हैं, जिनके पास 279.17 अंक हैं। वह भी पहले ही तीन चरणों में भाग ले चुकी हैं, इसलिए ऑस्ट्रिया में नहीं खेलेंगी। ऐसे में खिताबी होड़ अब चीन की झू जिनेर (235 अंक) और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक (189.17 अंक) के बीच सिमट गई है।



## यूएसए के यू क्रिस्टोफर बने सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल के विजेता

सर्दिनिया, इटली। यूएसए के ग्रांड मास्टर क्रिस्टोफर यू नें सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब हासिल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय शतरंज में अच्छी वापसी की है, पिछले साल यूएस मास्टर्स शतरंज में फबियानों करूआना से मैच हारने के बाद खराब व्यवहार के चलते उन पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था और चूकी यह प्रतिबंध यूएस में खेलने पर लगा था और फीडे नें उन पर कार्यवाही नहीं की थी यू नें एक बार फिर प्रतिभागिता करना शुरू कर दिया है । सार्दिनिया में उन्होने बेहतरीन खेल दिखाया और 9 राउंड में 3 ड्रॉ और 6 जीत के साथ अपराजित रहते हुए 7.5 अंक बनाकर खिताब अपने नाम किया । पांचवें राउंड में भारत के लियॉन मेन्दोंसा पर उनकी जीत बेहद खास रही सातवें राउंड में इटली के सोनिस फ्रांचीसको को मात देने के बाद उनका खिताब जीतना लगभग तय नजर आ रहा था । 7 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर उक्रेन के इहोर समुनेंकोव दूसरे और इटली के लोडिसी लोरेंजो तीसरे स्थान पर रहे ।

## स्लोवेनिया के फेडोसीव ने जीता सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज का खिताब

वारशॉ, पोलैंड । ग्रांड चैस टूर 2025 के पहले पड़ाव सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज का खिताब स्लोवेनिया के ग्रैंडमास्टर व्लादिमीर फेडोसेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम कर लिया । उन्होने रैपिड और ब्लिट्ज दोनों में मिलाकर 26.5 स्कोर के साथ तीन राउंड शेष रहते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। उन्होंने रैपिड वर्ग में एक भी मुकाबला नहीं हारा और पूरी प्रतियोगिता में केवल एक हार झेली, वह भी ब्लिट्ज राउंड 12 में पोलैंड के जान-क्रिज्स्टॉफ डूडा के खिलाफ। यह ग्रैंड चेस टूर के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक माना जा रहा है। फ्रांस के मैक्सिम लागरेव ने अंतिम दिन 9 में से 7 अंक अर्जित कर कुल 21.5/36 स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि भारत के आर प्रग्गनानंधा ने ब्लिट्ज के दूसरे दिन 5/9 अंक अर्जित किए और कुल 20.5/36 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को क्रमशः .40000,.30000 और .25000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।



### आईपीएल 2025 में तूफान मचा रहा 24 साल का प्रभसिमरन

# पिता की दोनों किडनी खराब, हफ्ते में 3 बार होती है डायलिसिस

**कोलंबो , एजेंसी**

नई दिल्ली,

पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच रविवार को खेले गए मैच में 24 साल के प्रभसिमरन का तूफान देखने को मिला। प्रभसिमरन ने 48 गेंदों में 91 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 7 छक्के लगाए। उनकी इस आतिशी पारी के दम पर पंजाब ने 236 रनों का टोटल खड़ा किया और 37 रन से मैच जीत लिया। इस पूरे सीजन प्रभसिमरन दमदार बल्लेबाजी करते नजर आए हैं। लेकिन मैदान पर अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बंटोर रहे प्रभसिमरन के पिता की दोनों किडनी खराब है और हफ्ते में तीन बार उनकी डायलिसिस होती है।

प्रभसिमरन सिंह ने आईपीएल 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल क्रिकेट प्रशंसकों का



दिल जीता है, बल्कि अपने बीमार पिता सुरजीत सिंह के चेहरे पर भी मुस्कान लौटाई है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सुरजीत सिंह गंभीर किडनी फेल्योर से जूझ रहे हैं और हफ्ते में तीन बार उनकी डायलिसिस होती है। इस कठिन समय में, बेटे की बल्लेबाजी उनके लिए संजीवनी बन गई है। प्रभसिमरन सिंह ने इस सीजन में अब तक 11 पारियों में 170 के स्ट्राइक रेट से 437 रन बनाए हैं, जिसमें कई महत्वपूर्ण पारियां शामिल हैं। पिता सुरजीत सिंह जब भी अपने बेटे को टीवी पर बल्लेबाजी करते देखते हैं, उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है।

प्रभसिमरन ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था, ÷हर क्रिकेटर का सपना होता है भारत के लिए खेलना। मेरा भी यही सपना है, और मैं लगातार मेहनत कर रहा हूं ताकि एक दिन भारत की जर्सी पहन सकूं।÷ प्रभसिमरन जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं उसे देखकर लगता है कि जल्द ही उन्हें टीम इंडिया का बुलावा आ सकता है।

### ऐसा रहा है आईपीएल का सफर

प्रभसिमरन सिंह 2019 के आईपीएल सीजन में 60 लाख रुपये में पंजाब किंग्स से जुड़े थे। फिर 2022 की नीलामी में पंजाब किंग्स ने उन्हें फिर से 60 लाख रुपये में खरीदा। वहीं आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी से पहले प्रभसिमरन को पंजाब किंग्स ने 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। प्रभसिमरन सिंह 2023 के आईपीएल सीजन में सुर्खियों में आए, जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स (छ्ष्ट) के खिलाफ 65 गेंदों पर 103 रनों की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह के शतक ने तब दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ की रेस से बाहर कर दिया था। हालांकि आईपीएल 2023 में प्रभसिमरन उस शतक के अलावा सिर्फ एक अर्धशतक बना सके थे। उस सीजन प्रभसिमरन ने 14 मैचों में 25 ।57 के एवरेज और 150 ।42 की स्ट्राइक रेट से 358 रन बनाए। आईपीएल 2024 भी उनके लिए खास नहीं रहा। लेकिन यह सीजन प्रभसिमरन के लिए कमाल का रहा है।

## रूड ने ड्रेपर को हराकर अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता



**मैड्रिड।** कैस्पर रूड रविवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराकर मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन गये। रूड ने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और तीसरे सेट में अपने एकमात्र ब्रेक प्वांइट का फायदा उठाकर जीत पक्की कर ली। रूड ने मैच के बाद कहा, ''यहां चैंपियन बनना मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक था जिसके बारे में मैंने तब सपना देखा था जब मैं छोटा था, इसलिए इसे पूरा करना एक अविश्वसनीय अहसास है।'' इस जीत से रूड विश्व रैंकिंग में फिर से चोटी के 10 खिलाड़ियों में शामिल हो गए

## वनडे -टी20 में भारत शीर्ष पर बरकरार

**दुबई।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, लेकिन टेस्ट प्रारूप में वह एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है।



वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसने पाकिस्तान (एक अंक के लाभ के साथ पांचवें) और दक्षिण अफ्रीका (चार अंक के नुकसान के साथ छठे) को पीछे छोड़ा। अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया। वेस्टइंडीज पांच अंक हासिल करके नौवें स्थान पर पहुंच गया। बांग्लादेश चार अंकों की गिरावट के साथ 10वें स्थान पर खिसक गया है।

### आईपीएल में आज देखने को मिलेगा रोमांच

# प्लेआफ के प्रबल एमआई जीटी होंगे आमने-सामने

**मुंबई , एजेंसी**

प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रन रेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेऑफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैम्पियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। वहीं चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पांड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा।

मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिए हैं। मुंबई खराब शुरूआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी। गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है। मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य अब गुजरात के शीर्षक्रम को सस्ते में आउट करने का होगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं जिसने बेहद औसत शुरूआत के बाद वापसी की है। हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं। रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं।




### टीम इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस :** सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिजाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## जैकलीन फर्नांडीज संग डेब्यू करेगा यह क्रिकेटर, आज रिलीज होगा सॉन्ग 'बेसोस' का टीजर



सोशल मीडिया पर जैकलीन फर्नांडीस ने अपकमिंग सॉन्ग 'बेसोस' का पोस्टर साझा किया है। इस गाने में जैकलीन के साथ क्रिकेटर शिखर धवन नजर आएंगे। पोस्टर साझा करने के साथ कैप्शन में जैकलीन ने लिखा है, 'क्या आप 'बेसोस' के लिए तैयार हैं?' आगे वह इस गाने की टीजर रिलीज होने की तारीख भी साझा करती हैं। पोस्टर में जैकलीन और शिखर का लुक देखकर फैंस काफी खुश नजर आए। शिखर धवन सॉन्ग 'बेसोस' में जैकलीन के साथ डांस करते दिखेंगे, एक्टिंग करते नजर आएंगे। सॉन्ग 'बेसोस' का टीजर आज 6 मई को रिलीज होगा। इस नए सॉन्ग ट्रैक को 8 मई 2025 को 11 बजे सुबह रिलीज किया जाएगा। यह टीजर यूट्यूब पर रिलीज होगा। इस गाने को सिंगर श्रेया घोषाल और कार्ल वाइन ने गाया है। फैंस ने 'बेसोस' का पोस्टर देखकर कई तरह के रिएक्शन जैकलीन फर्नांडिस की इंस्टाग्राम पोस्ट पर किए हैं। एक यूजर लिखता है, 'पोस्टर में आपका और शिखर का लुक देखकर ही हम एक्साइटेड हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'पोस्टर से फंकी वाइब्स आ रही हैं।' एक और यूजर लिखता है, ' श्रेया की आवाज और आपका डांस, कमाल का कॉम्बिनेशन है।' 'बेसोस' की बात करें तो यह एक स्पेनिश शब्द है, जिसका मतलब किस होता है।

## शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम



दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार आज यानी 6 मई को सुबह 3ञ्30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया। जानते हैं इन इंडियन स्टार्स के आउटफिट और लुक के बारे में।

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइन~ टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर %स्क्र्य% और दूसरे में %K% अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी।



**मेट्रो बाजार**

## इंटरनेशनल एयरलाइंस ने पाक एयरस्पेस से दूरी बनाई

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए कई इंटरनेशनल एयरलाइंस ने पाकिस्तानी एयर स्पेस इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया है। एयरलाइन्स के बयानों और फ्लाइट ट्रैकर डेटा के अनुसार, पाकिस्तान के एयरस्पेस से बचने वाली प्रमुख एयरलाइन कंपनियों में एयर फ्रांस, ब्रिटिश एयरवेज, स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस,॒श्व की अमीरात, इटली की ढ्ढञ्ज, पोलैंड की स्रुञ्ज और जर्मनी की लुफ्थांसा शामिल हैं। दोनों देशों के बीच परमाणु हथियारों के इस्तेमाल करने की खबरों के बाद एयरलाइन्स कंपनियों अपने एयर रूट में बदलाव करने का फैसला ले रही हैं।




**भारत-पाक ने एक-दूसरे की एयरलाइंस पर बैन लगाया-** 22 मार्च को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 4 आतंकियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की थी, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। इस हमले की पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी ग्रुप ने जिम्मेदारी ली थी। हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तानी एयरलाइंस के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। पाकिस्तान ने भी भारतीय स्वामित्व वाले या संचालित विमानों को अपने हवाई क्षेत्र से जाने पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान के ऊपर से उड़ान भरने पर प्रतिबंध के कारण भारतीय एयरलाइंस कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। फ्लाइट को अरब और अन्य देशों तक पहुंचने में भी ज्यादा समय लग रहा है। वहीं, कई प्रमुख पश्चिमी एयरलाइंस अपनी स्वेच्छा से पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। हालांकि उन्हें इस तरह के प्रतिबंध का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर बढ़कर 688.13 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.98 अरब डॉलर बढ़कर 688.13 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि लगातार आठवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इसके पहले के सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.17 अरब डॉलर बढ़कर 580.66 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 20.7 करोड़ डॉलर घटकर 84.36 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.59 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 20 लाख डॉलर बढ़कर 4.51 अरब डॉलर हो गया।



# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में सोमवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार नरेंद्र चौरसिया पिता वृंदावन चौरसिया (42) शिव नगर छोला में रहता था और दुकानों में पान मसाला बेचता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चियां और एक बच्चा है। मंगलवार शाम बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे, जबकि पत्नी पड़ोस में बैठी थी, तभी नरेंद्र ने अंदर कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही पत्नी पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गई, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# बाहर काम की बात पर विवाद, पति ने लगाई आग, पत्नी झुलसी



**भोपाल।** परवलिया सडक़ में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पति ने पत्नी के बिस्तर में आग लगा दी। आग लगने से पत्नी के दोनों पैर पिडंली से जांघ तक गंभीर रूप से झुलस गए। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम परवलिया सडक़ निवासी पूजा सेन (23) मेहनत-मजदूरी करती हैं। पति संजय सेन को पूजा का घर से बाहर जाकर काम करना पसंद नहीं है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होत रहता है। रविवार सुबह भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ और संजय ने गाली-गलौज कर पूजा के साथ मारपीट कर दी। घटना के समय पूजा अपने बिस्तर पर थी। गुस्साए पति ने बिस्तर में आग लगा दी। बिस्तर में आग लगने से पूजा भी बुरी तरह झुलस गई। उसके दोनों पैरों की पिंडली से जांघ तक का हिस्सा गंभीर रूप से झुलसा है। आग लगाने के बाद पति ने धमकी दी कि अगर काम करने बाहर गई तो जान से खत्म कर दूंगा। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाली पूजा की बहन साधना और दूसरे पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। आग बुझाकर पूजा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राहगीर को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**भोपाल।** बैरसिया इलाके में पैदल जा रहे एक व्यक्ति को बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक मुन्नालाल साहू ग्राम भैंसोदा बैरसिया में रहते थे और खेती



किसानी करते हैं। रविवार की रात करीब दस बजे वह गरेठिया जोड़ के पास दूध देने के लिए पहुंचे थे। दूध देने के बाद मुन्नालाल पैदल घर की तरफ जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मुन्नालाल को हाथ-पैर और शरीर में गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद भतीजे मनमोहन साहू ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया और सोमवार रात को थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपी बाइक चालक की तलाश कर रही है।

### मुंह पर मास्क लगाए अज्ञात बदमाश ने किया जानलेवा हमला

# मंदिर जा रही महिला पर धारदार हथियार से हुआ हमला, पेट व कंधे पर गंभीर चोट

**गाली-गलौज की और करने लगा वार, बड़ी बहन ने झोला मारकर आरोपी को नीचे गिराया**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित मानसरोवर काम्प्लेक्स के पास रविवार सुबह मुंह पर मास्क लगाए बदमाश ने मंदिर जा रही 67 साल की बुजुर्ग महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। उनके पेट व कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है।**



पुलिस के मुताबिक अलंकार गर्ल्स हॉस्टल एमपी नगर निवासी रेखा जैन पत्नी प्रदीप जैन (59) गृहणी हैं। विगत चार मई की सुबह करीब पौने सात बजे वह अपनी बड़ी बहन सरोज के साथ मानसरोवर काम्प्लेक्स के पास जैन मंदिर जा रही थीं। जैसे ही वह राजहंगस होटल के पास पहुंचीं, तभी मुंह पर मास्क लगाए एक अज्ञात लडक़ा पीछे से आया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए किसी धारदार चीज से रेखा जैन के दाहिने कंधे व पेट के नीचे वार कर दिया। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गईं। आनन-फानन में रेखा जैन की बड़ी बहन सरोज ने अपना झोला उस लडक़े के मुंह पर मारा, जिससे वह लडक़ा सडक़ पर गिर गया। महिलाओं ने शोर मचाया तो आसपास के लोग उस और दौड़े। तभी वो अज्ञात लडक़ा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां परिजन उन्हें नर्मदा अस्पताल ले गए। घायल रेखा जैन का कहना है कि वह हमला करने वाले व्यक्ति को नहीं जानतीं। न ही उनका किसी से पुराना कोई विवाद चल रहा है।

**पीछे से जाता दिख रहा हमलावर**

प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र बघेल का कहना है कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में बदमाश पीछे से जाता हुआ दिखाई दे रहा है। लेकिन मेट्रो निर्माण के कारण सामने वाले कैमरे बंद पड़े हैं। हुलिए के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। पिछले कोरोना कॉल में पीड़िता महिला रेखा जैन के पति का निधन हो गया था। वह अपनी बहन के साथ रहती हैं। महिला का कहना है कि बदमाश ने किसी तरह लूटपाट की कोशिश नहीं की। उसने आते ही गाली-गलौज की और धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## कल उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह

भोपाल। मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भौंरी भोपाल स्थित परेड ग्राउण्ड में सात मई को सुबह 8 बजे 43वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। इस बैच में कुल 19 अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण होकर प्रदेश की सेवा के लिये उपलब्ध हो जाएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा बैच के विजेता अधिकारियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा।

# पत्नी और बेटी की मौजूदगी में रेलकर्मी के घर डेढ़ लाख की चोरी

**आहट होने पर पति को सूचना दी थी, प्रकरण दर्ज**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

निशातपुरा स्थित रेलवे कॉलोनी में रहने वाले रेलवे के सेंटिंग मास्टर के घर पर धावा बोलकर अज्ञात चोर 20 हजार रुपए नगदी व जेवरात समेत एक लाख 60 हजार रुपए का माल चुरा ले गए। घटना के समय रेलकर्मी की पत्नी और बेटी घर में मौजूद थीं। आहट होने पर पत्नी ने ड्यूटी पर गए पति को सूचना दी थी। जीआरपी थाना भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रेलवे कॉलोनी निशातपुरा निवासी सुरेश चन्द्र मौर्य रेलवे में सेंटिंग मास्टर के पद पर रेलवे स्टेशन भोपाल में पदस्थ हैं। विगत तीन मई को उनकी ड्यूटी रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक थी।

वह करीब पौने 12 बजे ड्यूटी के लिए रेलवे स्टेशन पर आ गए थे। इस बीच 12 बजकर 20 मिनट पर उनकी पत्नी ने फोन कर बताया कि जल्दी घर आ जाओ। चोरी हो गई है। सुरेश चन्द्र तुरंत अपने घर पहुंच गए। उनकी बेटी ने बताया कि मुझे किसी के कूदने की आवाज सुनाई दी थी। आगे वाला मेनगेट भी खुला मिला। संदेह होने पर दंपति ने अलमारी चैक की तो उसके लॉकर में रखा लेडीज पर्स नहीं मिला। परिजनों की मौजूदगी में घर में घुसा चोर अलमारी में से पर्स चुरा ले गया।

पर्स में 15 ग्राम वजनी सोने की एक चेन कीमती 40 हजार, 12 ग्राम वजनी सोने की दूसरी चेन कीमती 70 हजार, 12 ग्राम वजनी सोने का मंगलसूत्र कीमती 25 हजार, चांदी की एक जोड़ी पायल कीमती चार हजार रुपए, 20 ग्राम वजनी चांदी की बिछिया कीमती एक हजार रुपए व नगद 20 हजार समेत करीब एक लाख 60 हजार रुपए का सामान रखा था।




## पति ने दूसरा निकाह किया, पत्नी ने दर्ज कराया तीन तलाक का प्रकरण

**भोपाल।** परवलिया सडक़ पुलिस ने 35 साल की पीड़िता की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताडऩा व मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी दहेज में बाइक व नगदी की मांग कर प्रताड़ित करता था। मायके में रह रही पीड़िता को कुछ दिन पहले पता चला कि उसके पति ने दूसरा निकाह कर लिया है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक परवलिया सडक़ निवासी 35 साल की महिला का निकाह साल 2009 में जामनेर शुजालपुर में रहने वाले मेहमूद अली से हुआ था। मेहमूद खेती-किसानी करता है। शादी के बाद से ही मेहमूद ने दहेज में नगदी व बाइक की मांग कर पत्नी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। करीब दो साल पहले वह पत्नी को मायके छोड़ गया। उसके बाद वह पत्नी को लेने नहीं आया। हालांकि बीच में दोनों पक्षों के बीच समझौते की बात चली थी। उस समय मेहमूद ने कहा था कि वह कुछ दिन बाद पत्नी को ले जाएगा। लेकिन वह लेने नहीं आया। थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि इसी साल 6 जनवरी 2025 को मेहमूद अपनी ससुराल आया था।

# बारात में शामिल बुजुर्ग महिला को स्कार्पियो ने कुचला



भोपाल, दोपहर मेट्रो

खजूरी सड़क इलाके में बारात में चल रही एक बुजुर्ग महिला को स्कार्पियो जीप के चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल हुई महिला की इलजा के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना में कुछ अन्य लोगों को भी चोट आई थी, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सुरजी बाई पत्नी सरवन (60) ग्राम नाप्लाखेड़ी थाना मंडी जिला सीहोर की रहने वाली थी। रविवार की रात वह अपने भांजे की बारात लेकर खजूरी सड़क स्थित राजीव नगर टपरा आई थी। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे बाराती लगाई जा रही थी। सुरजी बाई भी अन्य बारातियों के साथ पीछे-पीछे चल रही थी। इसी दौरान बारात के पीछे चल रही सफेद रंग की स्कार्पियो जीप के चालक ने अचानक तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सुरजी बाई समेत तीन-चार अन्य लोगों को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सुरजी बाई को इलाज के लिए सीहोर स्थित अस्पताल ले जाया गया। यहां हालत गंभीर होने के कारण उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल रैफर कर दिया गया। परिजन सुरजी बाई को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां सोमवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले जीप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**इलाज के दौरान महिला की मौत, घायलों का चल रहा इलाज**

**मेट्रो एंकर**

### ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र का मामला

# कार की टक्कर से बुजुर्ग व्यक्ति घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ईंटखेड़ी इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक अभिषेक मीना (24) ग्राम भैरोंपुरा थाना ईंटखेड़ी में रहता है।

सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे वह अपना दादा रामसिंह मीणा के साथ पैदल ईंटखेड़ी से भैरोंपुरा जा रहा था।

दोनों लोग ईंटखेड़ी स्थित कलारी के पास पहुंचे, तभी भैरोपुरा की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे दादा रामसिंह मीणा को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। अभिषेक ने अपने दादा को उठाया और बाइक की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां रामसिंह का इलाज चल रहा है।

बाद में अभिषेक ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।



## महिला को कुचलने वाले ट्रक चालक पर केस

**भोपाल।** सूखी सेवनिया पुलिस ने स्कूटर सवार महिला को कुचलने वाले ट्रक चालक पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपी चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार रश्मिदेवी अहिरवार पत्नी सुरेंद्र कुमार अहिरवार (27) सैना चौराहा, गणेश गार्डन, शारदी विहार कालोनी थाना सूखी सेवनिया में रहती थी और गृहणी थी। बीती 28 अप्रैल की शाम करीब छह बजे वह किसी काम से बाहर जाने के लिए स्कूटर लेकर निकली थी। सैनी चौराहा पहुंचते ही एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने रश्मिदेवी के स्कूटर में टक्कर मार दी, जिससे रश्मिदेवी के सिर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। परिजनों ने उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था, जहां उसकी मौत हो गई थी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक हर्ष पांडे (22) सुरेंद्र पैलेस में रहता है और प्रायवेट काम करता है। सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह आशिमा माल के सामने से रोहित नगर की जा रहा था। बावड़िया ब्रिज के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे हर्ष बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। एक अन्य बाइक वाले ने टक्कर मारने वाली कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सतना में बसपा नेता की लाठियों से पीट पीटकर हत्या

**सतना।** देर रात बसपा नेता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। करीब 15 अज्ञात बदमाश शुभम साहू (26) पर लाठी-डंडे लेकर टूट पड़े। बदमाशों ने उसे पत्थर भी मारे। प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है। शुभम ने दो दिन पहले ही कांग्रेस छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ली थी। घटन रविवार रात 12~30 बजे महादेव मोहल्ले की है। घायल शुभम को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से रीवा रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। इसका एक वीडियो भी सामने आया हैं, जिसमें 14-15 लोग लाठी-डंडे लिए हुए दिख रहे हैं। शुभम पहले यूथ कांग्रेस के महामंत्री और एनएसयूआई में सचिव रह चुके थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022